Weather Report
अधिकतम तापमान: 32.0c
न्यूनतम तापमान: 21.0c
हवा गति: 11 कि./घं.
जयपुर सूर्योदय समय
सुबह: 6.06

दैनिक
# संजीवनी टुडे
sanjeevnitoday.com
समय के साथ बढ़ता अखबार

अब होगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई सन्देश
मात्र 1100/- में
साईज 8X8 cm
संजीवनी टुडे
e-mail: sanjeevnitoday@gmail.com

वर्ष: 11 अंक: 75 जयपुर, सोमवार, 19 अगस्त 2024 पृष्ठ:8 मूल्य: ‘1.50

### राजस्थान के 100 हॉस्पिटल को बम से उड़ाने की धमकी: मेल में लिखा

# अस्पताल में सभी मारे जाएंगे, पहले की तरह इस बार भी झूठा निकला मामला

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। जयपुर के मोनिलेक और सीके बिरला समेत राजस्थान के 100 से ज्यादा हॉस्पिटल को बम से उड़ाने की धमकी अफवाह निकली। सुबह साढ़े आठ से दोपहर डेढ़ बजे तक पुलिस की टीमों ने संबंधित हॉस्पिटल में सर्च ऑपरेशन चलाया। कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली। इसके बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली। इससे पहले भी कई बार मेल करके बम से उड़ाने की धमकी दी जा चुकी है। हर बार पूरा मामला झूठा साबित होता है। रविवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे आए मेल ने हॉस्पिटल प्रबंधन के होश उड़ा दिए थे। मेल में लिखा था- हॉस्पिटल के बेड के नीचे और बाथरूम के अंदर बम है। हॉस्पिटल में मौजूद सभी लोग मारे जाएंगे। हर तरफ खून ही खून होगा। तुम सभी लोग मौत के ही लायक हो। मेल करने वाले ने खुद की पहचान ‘लखा आतंकवादी चिंग और कल्टिस्ट’ के रूप में उजागर किया है। जयपुर के दर्जनभर से ज्यादा हॉस्पिटल को इस तरह की धमकी मिली थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस पहुंच गई और सर्च शुरू किया। मोनिलेक हॉस्पिटल जवाहर नगर (जयपुर) के सेक्टर 4 में स्थित है। सीके बिरला हॉस्पिटल गोपालपुरा मोड़ (जयपुर) पर त्रिवेणी फ्लाई ओवर के पास शांति नगर में है। पुलिस के पास जांच के लिए पर्याप्त सॉफ्टवेयर और संसाधन मौजूद हैं। लेकिन इनका उपयोग नहीं किया जा रहा है।



### एटीएस और बम निरोधक दस्ता हॉस्पिटल पहुंचा

एडिशनल पुलिस कमिश्नर लॉ एंड ऑर्डर कुंवर राष्ट्रदीप ने बताया- हॉस्पिटल्स से अभी जानकारी मिली है। इसके बाद में एटीएस और बम निरोधक दस्ता के अधिकारियों को भेजा गया है। दोनों ही अस्पतालों में सर्च चल रहा है। अभी तक किसी भी प्रकार की कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। मेल करने वाले का आईपी एड्रेस सर्च किया जा रहा है तीन महीने पहले जयपुर सहित तमाम शहरों के स्कूलों को मेल कर बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। पुलिस ने तमाम स्कूलों की जांच की थी। कहीं से भी किसी संदिग्ध वस्तु के मिलने की सूचना नहीं मिली थी। इस घटना से ठीक एक दिन पहले जयपुर सहित देश के 12 एयरपोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। पिछले कुछ महीने में मेल कर धमकी देने की लगातार घटनाएं सामने आ रही हैं। तीन महीने पहले स्कूलों को मिली धमकी के बाद साइबर एक्सपर्ट से बात की थी। साइबर क्राइम पुलिस थाना के पूर्व इंचार्ज राजेंद्र प्रसाद ने कहा था- किसी थाना स्तर की पुलिस ऐसे आरोपियों तक नहीं पहुंच सकती है।

### सबसे पहले मोनिलेक से मिली मेल की जानकारी

सुबह सबसे पहले 8.30 बजे मोनिलेक हॉस्पिटल से पुलिस को मेल के बारे में सूचना मिली। करीब 8.45 बजे पुलिस की टीम मोनिलेक हॉस्पिटल पहुंच गई। एटीएस, इमरजेंसी रिस्पांस टीम (ईआरटी) और बम निरोधक दस्ता ने सर्च अभियान शुरू किया है। इसे दौरान 9 बजे सीके बिरला से भी सूचना मिली। इसके बाद मोनिलेक हॉस्पिटल से करीब 10.30 बजे ईआरटी टीम सीके बिरला हॉस्पिटल पहुंची। यहां भी सर्च चल रहा है। जांच अधिकारी इन टूल्स का प्रशिक्षण लेने के बावजूद उपयोग नहीं करते हैं। वीपीएन का उपयोग करने पर पुलिस को सीबीआई और इंटरपोल की मदद लेनी चाहिए। ऐसा नहीं है कि इनका पता नहीं लगाया जा सकता है। यह एक लंबी प्रक्रिया होती है, लेकिन जांच केवल थाना स्तर पर छोड़ दी जाती है। जबकि एजेंसी की मदद लेने के लिए पुलिस को हायर लेवल पर काम करने की जरूरत है। साइबर क्राइम की दुनिया में डार्कनेट और प्रॉक्सी सर्वर का दुरुपयोग भी बढ़ रहा है। साइबर सिक्योरिटी एंड लॉ एक्सपर्ट मोनाली कृष्णा गुहा कहती हैं- इस तरह के ई-मेल भेजने के दौरान शातिर अपराधी अमूमन डार्कनेट या प्रॉक्सी सर्वर का इस्तेमाल करते रहे हैं। इसकी वजह से पुलिस जांच को किसी नतीजे तक पहुंचने में काफी समय लगता है। साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट मुकेश चौधरी कहते हैं- वीपीएन से लोकेशन छिपाने के कारण ऐसे आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बच जाते हैं।

### देश का मानसून ट्रैकर: शिमला में फिर बादल फटा

# 132 सड़कें बंद, एमपी-यूपी राजस्थान समेत 19 राज्यों में बारिश का अलर्ट

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश के शिमला में शुक्रवार देर रात बादल फटने के बाद तेज बारिश अब तक जारी है। इस कारण 132 सड़कें बंद हैं। वहीं, किन्नौर और चंबा में लैंडस्लाइड के कारण कुछ सड़कें बंद हैं। वहीं, ओडिशा के 30 जिलों में भी बाढ़ का अनुमान है। राज्य सरकार ने सभी जिलों के डीएम को अलर्ट मोड पर रहने का आदेश दिया है। मछुआरों को भी समुद्र से दूर रहने को कहा गया है।उत्तर प्रदेश में भी तेज बारिश के कारण यमुना नदी का जलस्तर और बहाव तेज है। आगरा में दो भाई यमुना में बह गए। वे फिरोजाबाद जिले के रहने वाले थे। गोताखोरों ने दोनों के शव शनिवार को बरामद किए। मौसम विभाग ने रविवार (18 अगस्त) को मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान सहित 19 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। केवल पश्चिम बंगाल में बहुत भारी बारिश की संभावना जताई है। हिमाचल प्रदेश में 31 जुलाई की रात कुल्लू, मंडी, शिमला जिलों में बादल फटा था। इसके कारण इन जिलों में 56 से ज्यादा लोग बह गए थे। हादसे में मरने वालों की संख्या 32 हो गई है। शुक्रवार को 4 शव और बरामद किए गए। अधिकारियों ने बताया कि 14 लोग अभी भी लापता हैं। जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में



लैंडस्लाइड के कारण रास्ते ब्लॉक हैं। हरियाणा के भिवानी में तेज बारिश के कारण सड़कों पर पानी भर गया। यहां आज भी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। राजस्थान के कई जिलों में तेज बारिश का अलर्ट है। शनिवार को सोजत में सुकड़ी नदी की पुलिया पर बहते पानी में ट्रॉला फंस गया। राजस्थान के कई जिलों में तेज बारिश का अलर्ट है। शनिवार को सोजत में सुकड़ी नदी की पुलिया पर बहते पानी में ट्रॉला फंस गया। कर्नाटक में बारिश के जुड़ी घटनाओं में अब तक 67 लोगों की मौत हो चुकी है। 1 जून से 15 अगस्त तक राज्य में बारिश सामान्य से 22 प्रतिशत ज्यादा रही। मौसम विभाग ने 4 हफ्ते तक कर्नाटक में भारी बारिश का अनुमान जताया है।अधिकारियों ने आने वाले 4 दिनों तक मछुआरों को समुद्र से दूर रहने को कहा है।

### कोलकाता रेप-मर्डर केस, पीड़ित की डायरी के कई पेज गायब

# दिल्ली में सड़क पर मरीजों का इलाज करेंगे डॉक्टर, आज हड़ताल का 8वां दिन

■ संजीवनी टुडे

कोलकाता/नई दिल्ली। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप-मर्डर मामले में नए तथ्य सामने आए हैं। इससे उनकी मौत का रहस्य गहराता जा रहा है। रविवार (18 अगस्त) को मृतका के कुछ सहयोगियों के अलावा उनकी मां से भी बात की। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी रोज डायरी लिखती थी। हालांकि, अब सामने आया है कि डायरी के कई पन्ने गायब (फटे) हैं। माना जा रहा है कि पीड़िता की मौत से जुड़ा कोई राज इन पन्नों में छिपा था। सवाल उठ रहा है कि डायरी के फटे पन्नों में पीड़िता ने क्या लिखा था? मृतका की मां का दावा है कि सबूत मिटाने के मकसद से पन्ने फाड़ दिए गए होंगे। पुलिस ने दूसरे सबूतों के साथ डॉक्टर का लैपटॉप और वह डायरी एउक्रको सौंप दी है। हालांकि, पुलिस सूत्रों ने बताया कि एसआईटी को उस डायरी से इस घटना के बारे में कोई संकेत नहीं मिला था। हालांकि, सीबीआई ने पीड़िता की डायरी को जांच का प्रमुख पहलू बना लिया है। इधर, कोलकाता की घटना के विरोध में दिल्ली के डॉक्टर्स की हड़ताल का सोमवार (19 अगस्त) को 8वां दिन है। एम्स और दूसरे अस्पतालों के रजिडेंट डॉक्टर्स आज से स्वास्थ्य मंत्रालय के बाहर सड़क पर मरीजों



का इलाज करेंगे। रजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने रविवार (18 अगस्त) रात प्रेस रिलीज के जरिए इसकी जानकारी दी। प्रेस रिलीज के मुताबिक, रेजिडेंट डॉक्टर निर्माण भवन के बाहर मरीजों को मेडिसिन, सर्जरी, प्रसूति एवं स्त्री रोग, बाल चिकित्सा, आंखों की दिक्कत, हड्डी रोग सहित लगभग 36 स्पेशियलिटी की ओपीडी सेवाएं देंगे। सभी अस्पतालों में पहले की तरह इमरजेंसी सेवाएं जारी रहेंगी। डॉक्टरों ने कहा है कि उनकी हड़ताल तब तक जारी रहेगी, जब तक कि उन्हें केंद्रीय सुरक्षा अधिनियम के माध्यम से अस्पतालों में पर्याप्त सुरक्षा का आश्वासन नहीं दिया जाता है। जैसे सेमिनार रूम में मिली थी। उन्होंने कहीं और हत्या के बाद सेमिनार रूम में बॉडी रखने की आंशका को लेकर अपनी बात दोहराई।

### पीड़ित के पिता बोले- जल्दबाजी में बेटी का अंतिम संस्कार किया

दूसरी तरफ, कोलकाता रेप-मर्डर विक्टिम के पिता ने बेटी की मौत को लेकर कई नए खुलासे किए हैं। उन्होंने न्यूज एजेंसी इगक्र को दिए इंटरव्यू में रविवार (18 अगस्त) को बताया कि पुलिस ने जल्दबाजी में उनकी बेटी की अंतिम संस्कार कराया था। पिता के मुताबिक, श्मशान घाट में ट्रेनी डॉक्टर की बॉडी अलावा तीन शव थे। हालांकि, पीड़ित के शव का पहले अंतिम संस्कार किया गया। उन्होंने दावा किया कि अस्पताल में भी उनकी बेटी की बॉडी उस हालत में नहीं थी।

### जम्मू में अकेले चुनाव लड़ेगी भाजपा

# कश्मीर में निर्दलियों से गठबंधन संभव, बीजेपी में शामिल हुए पूर्व मंत्री चौधरी जुल्फकार अली

■ संजीवनी टुडे

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की रविवार (18 अगस्त) को जम्मू में बैठक हुई। केंद्रीय मंत्री और जम्मू-कश्मीर भाजपा विधानसभा चुनाव प्रभारी किशन रेड्डी, नेशनल जनरल सेक्रेटरी तरुण चुघ और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह भी बैठक में शामिल हुए। जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैना ने कहा कि पार्टी जम्मू में अकेले चुनाव लड़ेगी। कश्मीर में निर्दलीय उम्मीदवारों का समर्थन कर सकती है। किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। बैठक के केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा- उख्र चुनाव के लिए 24 घंटे और सातों दिन तैयार है। चुनाव को लेकर हमारी बैठकें और चर्चाएं रेग्युलर चलती रहेंगी। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा 21 अगस्त को कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट जारी करेगी। पार्टी अगले हफ्ते से चुनाव प्रचार की शुरुआत कर सकती है। पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह चुनावी रैली करेंगे। वहीं, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मंत्री चौधरी जुल्फकार अली भाजपा में शामिल हुए। 17 अगस्त को उनकी गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात भी हुई थी।



### अपनी पार्टी नेता जुल्फकार अली भाजपा शामिल हुए

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मंत्री चौधरी जुल्फकार अली भाजपा में शामिल हो गए हैं। इससे पहले शनिवार (17 अगस्त) को चौधरी जुल्फकार अली ने गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात की थी। पेशे से वकील रहे जुल्फकार ने 2008 और 2014 के विधानसभा चुनावों में पीडीपी के टिकट पर राजौरी जिले की दरहाल विधानसभा से चुनाव लड़ा था और जीत हासिल की थी। 2015 से 2018 तक वे महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व वाली पीडीपी-बीजेपी गठबंधन सरकार में कैबिनेट मंत्री भी रहे थे। रविंदर रैना ने कहा कि जुल्फकार जम्मू-कश्मीर के बड़े नेता हैं। हम उनका भाजपा में स्वागत करते हैं। उनके शामिल होने से भाजपा को मजबूती मिलेगी।

### जम्मू-कश्मीर में तीन फ़ेज में होगी वोटिंग

इलेक्शन कमीशन ने 16 अगस्त को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया। राज्य में तीन फ़ेज में वोटिंग होगी। यहां विधानसभा की कुल 90 सीटें हैं। बहुमत का आंकड़ा 46 है। चुनाव आयोग के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर में चुनाव के पहले फ़ेज के लिए गजट नोटीफिकेशन 20 अगस्त से शुरू हो जाएगा। पहले फ़ेज के नॉमिनेशन के लिए आखिरी तारीख 27 अगस्त होगी।

# कोस्टगार्ड क्क्राकेश पाल का हार्ट अटैक से निधन

■ संजीवनी टुडे

### रक्षा मंत्री के साथ कार्यक्रम में शामिल होने वाले थे, पिछले साल पद संभाला

चेन्नई। इंडियन कोस्ट गार्ड के डायरेक्टर जनरल राकेश पाल का रविवार (18 अगस्त) को निधन हो गया। वे चेन्नई में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ कोस्ट गार्ड के एक कार्यक्रम में शामिल होने वाले थे। इससे पहले ही दोपहर करीब 2.30 बजे उन्होंने सीने में तेज दर्द की शिकायत की। उन्हें राजीव गांधी गवर्नमेंट जनरल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। शाम करीब 7 बजे उनका निधन हो गया। वह 59 साल के थे। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि चेन्नई एयरपोर्ट पर रक्षा मंत्री को रिसीव करने के दौरान राकेश पाल की तबीयत बिगड़ी। हालांकि, कुछ जगह कहा जा रहा है कि कोस्ट गार्ड हेडक्वार्टर में उन्होंने सीने में दर्द की



शिकायत की थी। राकेश पाल ने 19 जुलाई 2023 को ऋएक्रके 25वें डायरेक्टर जनरल का पद संभाला था। इससे पहले वे कमांडर कोस्ट गार्ड रीजन (नॉर्थ-वेस्ट), डिप्टी डायरेक्टर जनरल (पॉलिसी एंड प्लान), एडिशनल डायरेक्टर जनरल जैसे बड़े पदों पर रहे थे। पाल उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। म्यूजिक और खेल में उनकी रूचि ज्यादा थी। वे इंडियन नेवल एकेडमी के पूर्व छात्र थे। पाल जनवरी 1989 में कोस्टगार्ड में शामिल हुए थे। 35 साल के लंबे करियर में राकेश की तैनाती कोस्टगार्ड के कई शिप्स पर भी हुई थी। उन्होंने समर्थ, विजित, सुचेता कृपलानी, अहल्याबाई और सी-03 जैसे भारतीय कोस्ट गार्ड की जहाजों पर सभी श्रेणियों की कमान संभाली थी। साल 2013 में उन्हें तटरक्षक मेडल और 2018 में प्रेसिडेंट तटरक्षक मेडल से नवाजा गया था। फरवरी 2022 में उन्हें एडिशनल डायरेक्टर जनरल पर प्रमोट किया गया था। रक्षा मंत्री के साथ तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भी राकेश पाल को श्रद्धांजलि दी।

### विनेश फोगाट ने संन्यास वापसी के संकेत दिए: बोलीं

# रेसलिंग छोड़ने पर अभी कुछ नहीं कह सकती, रोड शो के बाद तबीयत बिगड़ी

■ संजीवनी टुडे

चरखी दादरी। विनेश फोगाट ने रेसलिंग से संन्यास वापसी के संकेत दिए हैं। पैतृक गांव बलाली पहुंचने पर विनेश ने संन्यास के सवाल पर कहा- ‘‘जिस रेसलिंग को मैं छोड़ना चाहती थी या छोड़ दिया है, मैं इस पर कुछ नहीं कह सकती। आज के प्यार से मुझे बहुत हिम्मत मिली है। पेरिस ओलिंपिक में 100 ग्राम बढ़े वजन से पेरिस ओलिंपिक के फाइनल मुकाबले से डिसक्वालिफाई होने के बाद विनेश ने संन्यास का ऐलान किया था। विनेश ने मेडल न ला पाने पर कहा- ‘‘ओलिंपिक मेडल का बहुत गहरा घाव है। मुझे लगता है कि इससे उबरने में बहुत टाइम लगता है, मगर लोगों के प्यार से घाव भरने में हिम्मत मिलेगी। विनेश पेरिस से कल (शनिवार) देश वापस लौटीं। सुबह 11 बजे दिल्ली एयरपोर्ट से उनका काफिला 13 घंटे में उनके पैतृक गांव बलाली (चरखी दादरी जिला) पहुंचा। विनेश के काफिले ने 125 किमी की दूरी तय की। किसी भी व्यक्ति का यह देश में सबसे लंबा रोड शो है। इसके रास्ते में 100 जगह विनेश का स्वागत किया गया।

### तिरंगे पर पैर रखने पर बजरंग की सफाई

विनेश के रोड शो के दौरान बजरंग पूनिया विवादों में आ गए। विनेश की कार के सामने काफी भीड़ थी, जाम की स्थिति बन गई और गाड़ी आगे नहीं बढ़ पा रही थी। तभी बजरंग गाड़ी के बोनट पर आ गए और लोगों से हटने की अपील करने लगे। गाड़ी के बोनट पर एक पोस्टर बना था, जिस पर तिरंगे का फोटो बना हुआ था। इसी दौरान बजरंग के पैर का एक हिस्सा तिरंगे के फोटो पर आ गया, जो काफी वायरल हुआ। इसके बाद बजरंग ने सफाई देते



हुए कहा, ‘ऐसा सिर्फ अनजाने में हुआ। मैंने हमेशा देश की शान बढ़ाने की कोशिश की है। ये ट्रोलिंग सही नहीं है। पैतृक गांव पहुंचने के बाद विनेश का गांव के स्टेडियम में सम्मान किया गया। हालांकि मंच पर पहुंचते ही विनेश की तबीयत बिगड़ गई। जिस पर विनेश ने कुर्सी पर बैठकर ही लोगों से बात की। रविवार सुबह भी तबीयत बिगड़ने की वजह से उन्होंने मीडिया से बात नहीं की। तबीयत बिगड़ने के बाद विनेश मंच पर ही कुर्सी पर पीछे की तरफ सिर रखकर लेट गईं। विनेश ने लोगों से कहा- ‘मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूं, मैंने ऐसे गांव में जन्म लिया है। आज मैं गांव का कर्ज अदा करने में अपनी भूमिका निभा पाई हूं। मैं चाहती हूं कि गांव से मेरी एक बहन निकले जो मेरे रेसलिंग का रिकॉर्ड तोड़े। विनेश ने आगे कहा कि जिंदगी की लड़ाई बहुत लंबी है। हमारी लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। एक छोटा सा हिस्सा मैं पार कर आई हूं। यह भी अधूरा रह गया। हम एक साल से लंबी लड़ाई लड़ रहे हैं, वह आगे भी जारी रहेगी।‘ विनेश फोगाट जब बलाली गांव पहुंची तो जी-वैगन कार नोटों की माला से भरी हुई थी। रोड शो के दौरान रास्ते में लोगों ने उन्हें यह मालाएं पहनाई थीं।

# बिहार में खाना खाकर 250 जवानों की तबीयत बिगड़ी



■ संजीवनी टुडे

### उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती, बोले- खराब खाना दिया जाता है

सुपौल। बिहार के सुपौल में रविवार को खाना खाने के बाद 250 जवानों की तबीयत बिगड़ गई। सभी को उल्टी- दस्त की शिकायत के बाद वीरपुर अनुमंडल अस्पताल लाया गया। सभी जवान भीमनगर स्थित बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस की 12वीं और 15वीं बटालियन में ट्रेनिंग के लिए आए हैं। एसडीपीओ सुरेंद्र कुमार ने अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर जवानों का हालचाल जाना। जवान मुकेश कुमार ने बताया कि ‘लगातार ट्रेनिंग के दौरान खाना खराब मिल रहा था। हमने पहले भी इसकी शिकायत की थी। आज खाना के बाद ट्रेनिंग कर रहे जवान की तबीयत बिगड़ गई। वीरपुर अनुमंडल अस्पताल में सभी जवानों को इलाज के लिए लाया गया था। इलाज के दौरान एकमात्र डॉक्टर होने के कारण जवानों ने हंगामा शुरू कर दिया। जवानों का कहना था, ‘इतने बड़े अस्पताल में इलाज के लिए एक डॉक्टर है। इलाज होते-होते सुबह हो जाएगी और इतने समय में किसकी जान बचेगी और कौन रहेगा ये कहना मुश्किल है। जवानों ने ये भी आरोपी लगाया कि अस्पताल में किसी भी दवाई की सुविधा नहीं है। सभी दवा खरीदकर लानी पड़ रही है।

### हरियाणा में चुनावी घोषणा से संवैधानिक संकट

# 6 महीने में सेशन जरूरी, सरकार ने नहीं बुलाया, गवर्नर के विधानसभा भंग करने समेत 2 रास्ते बचे

■ संजीवनी टुडे

चंडीगढ़। हरियाणा में चुनाव की घोषणा के बाद संवैधानिक संकट खड़ा हो गया है। इसकी वजह 6 महीने के भीतर एक बार विधानसभा सेशन बुलाना है। राज्य विधानसभा का अंतिम सेशन 13 मार्च को हुआ था। जिसमें नए बने सीएम नायब सैनी ने विश्वास मत हासिल किया था। इसके बाद 12 सितंबर तक सेशन बुलाना अनिवार्य है। यह संवैधानिक संकट ऐतिहासिक भी है क्योंकि देश आजाद होने के बाद कभी ऐसी स्थिति नहीं आई। हरियाणा में ही कोरोना के दौरान भी इस संकट को टालने के लिए 1 दिन का सेशन बुलाया गया था। इस संकट से बचने के लिए अब 2 ही रास्ते बचे हैं। मौजूदा उख्र सरकार विधानसभा सेशन बुलाए, चाहे वह एक ही घंटे का हो। इससे संवैधानिक अनिवार्यता की शर्त पूरी हो जाएगी। अगर सरकार सेशन बुलाने से पीछे हटती है तो गवर्नर अपने स्तर पर विधानसभा भंग कर देंगे। फिर सरकार खत्म हो जाएगी। गवर्नर नायब सैनी को ही कार्यवाहक सीएम बनाकर कामकाज जारी रखने को कहेंगे। संविधान माहिर मानते हैं कि वैसे तो यह महज कागजी औपचारिकता है।

### 3 नवंबर तक इस 14वीं विधानसभा का कार्यकाल



राज्य में इस वक्त 15वीं विधानसभा चल रही है। 16वीं विधानसभा के गठन के लिए चुनाव की घोषणा हो चुकी है। इसका नोटिफिकेशन 3 हफ्ते बाद 15 सितंबर को जारी होगा। इसके लिए 1 अक्टूबर को वोटिंग और 4 अक्टूबर को काउंटिंग होगी। मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 3 नवंबर तक है। पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के एडवोकेट हेमंत कुमार के मुताबिक संविधान के अनुच्छेद 174 (1) में उल्लेख है कि विधानसभा के 2 सत्रों के बीच 6 महीने से ज्यादा का अंतराल नहीं होना चाहिए। इसलिए 12 सितंबर तक विधानसभा का सत्र बुलाना अनिवार्य है। भले ही वह एक दिन की अवधि का ही क्यों न हो। एडवोकेट हेमंत कुमार के अनुसार, यदि 12 सितंबर से पूर्व कैबिनेट की सिफारिश पर राज्यपाल विधानसभा को समय पूर्व भंग कर देते हैं तो आगामी सत्र बुलाने की आवश्यकता नहीं होगी। विधानसभा का यह सत्र इसलिए भी जरूरी है क्योंकि राज्यपाल से कुल 5 अध्यादेश (ऑर्डिनेंस) भारत के संविधान के अनुच्छेद 213 (1) में जारी कराए गए हैं।

## खबरें फटाफट

### गोलाकाबास पुलिस चौकी पर सीएलजी व व्यापार मंडल की बैठक हुई आयोजित



■ संजीवनी टुडे

गोलाकाबास(राजगढ़)। टहला थाना के अंतर्गत कस्बे स्थित पुलिस चौकी परिसर मे सीएलजी सदस्यों,पुलिस मित्र व व्यापार मंडल के सदस्यों की बैठक टहला पुलिस थाना के इंचार्ज ब्रजेश सिंह तंवर की अध्यक्षता मे आयोजित हुई। संवाददाता रितीक शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की थानेदार ने क्षेत्र मे शांति क़ायम रखने, अपराध व अपराधियों की सूचना पुलिस से साझा करने की अपील की तथा बारीस मे नदी, नाले व ओवरफ्लो पुलिया क़ो पार करने पहाड़ से गिरने वाले झरनो, कुंड, तालाब बांध आदि मे नहाने से बचने ओर अपनी जान की सुरक्षा करने की सभी से अपील की। इस दौरान ग्रामीण रमेश चंद मीणा,हनुमान शर्मा,सरदार मीणा,गिर्राज प्रसाद जांगिड़ ,बाबूलाल गुर्जर,नन्द किशोर बांठा,अशोक शर्मा सहित कई अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य एवं चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं सेवाओं हेतु किशन सैनी राज्य स्तरीय पर सम्मानित



■ संजीवनी टुडे

जयपुर। 78 में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में स्वास्थ्य भवन निदेशालय जयपुर में राज्य के कर्मठ एवं उत्कृष्ट कर्मचारियों को निदेशालय निदेशक डॉक्टर रवि प्रकाश माथुर द्वारा सम्मान एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तारानगर के किशन सैनी सवाई मानसिंह चिकित्सालय में कार्डियक विभाग में पिछले 10 सालों से सेवाएं दे रहे हैं किशन सैनी के पिताजी प्रेम सिंह गहलोत ने बताया कि यह सम्मान किशन को अपने कार्य के प्रति और ज्यादा प्रेरित करेगा और यह हमारे परिवार और संपूर्ण समाज के लिए गौरव की बात है। किशन सैनी को यह सम्मान उनकी समर्पण, मेहनत और उत्कृष्टता के लिए दिया गया है। उन्होंने सवाई मानसिंह चिकित्सालय में अपनी सेवाओं के माध्यम से अनेकों मरीजों की जान बचाई है और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की हैं। इस सम्मान के अवसर पर, किशन सैनी ने कहा, ''मैं इस सम्मान के लिए अत्यधिक आभारी हूँ। यह मेरे लिए गर्व का क्षण है और मैं अपने काम में और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित हूँ।'' किशन सैनी को उनकी इस उपलब्धि के लिए नर्सेज़ नेता मनोज दुब्बी , सुरेश मीना मनीषा रिंकु बेनिवाल , सुनीता चौधरी व राकेश सेनी ने माला पहनाकर बधाई दी है।

### वीना चौहान की पुस्तक का यू एस ममें लोकार्पण

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। नारी कभी ना हारी लेखिका साहित्य संस्थान की संस्थापक अध्यक्ष वीना चौहान जयपुर की दो पुस्तकों, ''एलिट क्लास''कहानी संग्रह एवं बाल नाट्य संग्रह ''अंधकार से उजाले की ओर'' का विमोचन यू एस बोस्टन में स्वाधीनता दिवस समारोह 2024,के अवसर पर विश्व विख्यात अतिथि विनय कांत प्रधान,कांउसिल जनरल आफ इंडिया, डायना हेडन (विश्व सुंदरी 1997)एवं नीतू चंद्रा अभिनेत्री, अभिषेक सिंह अध्यक्ष एफ आई ए एन ई, संदीप माखिजा, पी के चौहान, हिमांशु चौहान, भानूजा चौहान एवं पोती नाव्या चौहान द्वाराकिया गया । इस अवसर पर भव्य रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम सामुहिक नृत्य,देश भक्ति के गीत प्रस्तुत किए गए । वीना चौहान ने बताया कि यूएस की धरती पर भारत का स्वाधीनता दिवस समारोह मनाना अपने आप में एक अभूतपूर्व , अविस्मरणीय अनुभव रहा ।सात समन्दर पार अपनों की बीच सम्मान-पत्र प्राप्त कर अभिभूत हूं।

### आचार्य महेंद्र पाराशर की गुरु वंदना पुस्तक का प्रकाशन

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। सांगानेर आचार्य महेंद्र पाराशर ने गुरु वंदना और गुरु महिमा पुस्तक का प्रकाशन किया है। यह पुस्तक जन जन तक गुरु की महिमा को पहुंचेगी। पाराशर का कहना है कि जनमानस के मन में गुरु की श्रद्धा गुरु के विषय में बहुत से विचार उसे सोचने के लिए मजबूर कर देता है। आखिरकार गुरु का चयन किस प्रकार से किया जाए लोगों के द्वारा किए गए प्रश्नों एवं उनके समाधान के लिए मैंने इस पुस्तक का लेखन कार्य किया। जिससे हर मानव को है प्रेरणा मिल सके कि वह किस प्रकार गुरु का चयन करें या गुरु परंपरा आधारित नियमों का पालन करें। सभी प्रश्नों के उत्तर प्राप्त करने के लिए गुरु महिमा नामक पुस्तक उपयोगी है। यह पुस्तक लाभार्थियों के लिए निशुल्क वितरण की जा रही है।

# यह सलेक्टिव सेक्युलरिज्म से पारदर्शी सेक्युलरिज्म की ओर जाने का समय : शेखावत

## महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में लॉ समिट 2024 में बोले केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री

■ संजीवनी टुडे




जयपुर। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि यह सलेक्टिव सेक्युलरिज्म से पारदर्शी सेक्युलरिज्म की ओर जाने का समय है। एक देश-एक कानून बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि यूनिफॉर्म सिविल कोड नहीं होने की वजह से ट्रिपल तलाक जैसी व्यवस्था को कानून लाकर समाप्त करना पड़ा। रविवार को महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में लॉ समिट -2024 में शेखावत ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार यूनिफॉर्म सिविल कोड लाकर एक देश-एक कानून की दिशा में आगे बढ़ना चाहती है, लेकिन कई राजनीतिक पार्टियां और खुद को सेक्युलर मानने वाले लोग व विघटनकारी ताकतें अल्पसंख्यकों के अधिकारों का हनन हो रहा है जैसी बातें फैला रहे हैं, जो सरासर झूठ है। इस कानून से अल्पसंख्यकों को बहु-विवाह कुप्रथा से तो मुक्ति मिलेगी ही, बल्कि संपत्ति के अधिकार की असमानताएं भी पूरी तरह खत्म हो जाएंगी। देश में एक आधुनिक समाज की रचना करने में मदद मिलेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आर्थिक, मिलिट्री और टेक्नोलॉजी के साथ भारत के पास कल्चरल स्ट्रेंथ एक ऐसा मजबूत फैक्टर है, जो हमें सुपरपावर बनाने में सबसे अधिक मददगार साबित होगा। अगर दुनिया के लोग भारत आना पसंद करेंगे तो वो हमारी कल्चरल स्ट्रेंथ की वजह से। इसलिए कल्चरल स्टेंथ देश को सुपरपावर बनाने को सबसे मजबूत फैक्टर होगा। शेखावत ने कहा कि भारत का टूरिज्म 15 प्रतिशत की दर से ग्रोथ करेगा, जो भारत की अर्थव्यवस्था की कुल ग्रोथ रेट 8 प्रतिशत से लगभग पौने दोगुना अधिक होगा।

### नए कानूनों में इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस को समान प्राथमिकता

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि पुराने कानूनों में इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस को स्वीकार नहीं किया गया था, लेकिन नए कानून संहिता में इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस को समान रूप से प्राथमिकता दी गई है। पुराने कानूनों में पीड़ित को कब न्याय मिलेगा इसकी कोई भी क्लियरिटी नहीं थी, लेकिन नए कानून संहिता में इसकी पूरी क्लियरिटी है, जिससे पीड़ितों को न्याय के लिए सालों साल इंतजार नहीं करना पड़ेगा, बल्कि उन्हें यह पता होगा कि उनके मामले में उन्हें कब तक न्याय मिल जाएगा। शेखावत ने कहा कि ऐसे बहुत सारे कानून थे, जिनके क्लॉज साल 1860 के बने हुए थे, जो वर्तमान परिदृश्य में कहीं से भी उचित नहीं थे, इसलिए नए कानूनों को नई परिस्थितियों के हिसाब से बनाया गया है।

### नई शिक्षा नीति होगी विकसित भारत बनाने का मजबूत पिलर

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नई शिक्षा नीति विकसित भारत बनाने की दिशा का सबसे मजबूत पिलर साबित होगी। यह समय की मांग थी, क्योंकि पिछली शिक्षा नीति ब्रिटिशकाल में बनी थी, जो वर्तमान परिपेक्ष्य में बिल्कुल फिट नहीं बैठ रही थी। जहां पहले की शिक्षा नीति गणना और याद करने की क्षमता जैसे दो पिलरों पर टिकी हुई थी, लेकिन नई शिक्षा नीति में आज के समय की मांग के अनुसार कम्युनिकेशन स्किल, क्रिटिकल व एनॉलिटिक्स थिंकिंग और डिजिटल लर्निंग जैसे क्षेत्रों का उत्तम समावेश किया गया है, जो देश को विकसित भारत बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

### डिजिटल क्राइम को लेकर जागरुकता जरूरी

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जिस तरह डिजिटल क्राइम बढ़ा है, यह चिंताजनक है, लेकिन इसको लेकर जागरुकता जरूरी है। आज जिस गति से डिजिटल क्राइम बढ़ रहा है, उस गति से लोग अपने खिलाफ हो रहे फ्रॉड के संबंध में रिपोर्ट लिखवाने को लेकर जागरूक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इस तरफ ध्यान दिए जाने के साथ जल्द पीड़ित को न्याय मिले, इस दिशा में काम करना होगा।

## कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर के द्वारा टोडाभीम विधानसभा क्षेत्र में ओपन जिम एवं खेल मैदान स्वीकृति हेतु विभाग को निर्देश

■ संजीवनी टुडे



टोडाभीम(गंगापुरसिटी) भारतीय किसान यूनियन प्रदेश प्रभारी मदन मोहन मीना निवासी राजौर ने कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौर उद्योग वाणिज्य सूचना प्रौद्योगिकी एवं युवा मामले खेल विभाग से शासन सचिवालय जयपुर में मुलाकात कर टोडाभीम एवं नादौती उपखंड क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय विद्यालय में ओपन जिम एवं खेल मैदान स्वीकृत के संबंध में आग्रह किया था। प्रदेश प्रभारी मदन मोहन मीना ने बताया की प्रत्येक ग्राम पंचायत में ओपन जिम एवं खेल मैदान होना अतिआवश्यक है। ओलंपिक एवं अन्य खेलों में पदक जीतने वाला व्यक्ति एक छोटे से मैदान से निकल कर जाता है। जो अपनी प्रतिभा के माध्यम से पूरी दुनिया में अपना और देश का नाम रोशन करता है। खेल के जरिए युवाओं को पुलिस एवं अन्य भर्तियों में हिस्सा बनने का मौका मिल रहा है। ओपन जिम में नियमित कसरत एवं योग से बच्चो के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका होती है।ओपन जिम में पैरलर बार, चिनअप और डंपिंग बार, स्टैंडिंग वेस्ट ट्रेनर, सोल्डर व्हील(डबल), स्पेस वाल्कर, बाइसकिलिंग, लेग प्रेस डबल, राविंग मशीन, पुल चेयर डबल, चेस्ट प्रेस डबल, स्केलिंग लेडर, सिर अप बेंच आदि मशीनों से बुजुर्ग महिलाएं एवं बच्चे आदि लाभ के सके। मंत्री महोदय द्वारा संज्ञान में लेकर युवा मामले एवं खेल विभाग के प्रमुख शासन सचिव को निर्देश प्रदान किए है जिसको लेकर क्षेत्र की जनता ने आभार जताया।

## भामाशाह शिक्षक रामधारी सिंह ने गरीब असहाय जरूरतमंद लोगों को भेंट किए 51 हजार रुपए

■ संजीवनी टुडे

### मानवता परमो धर्म : रामधारी सिंह



टोडाभीम। उपखण्ड क्षेत्र में भामाशाह शिक्षक के नाम से प्रसिद्ध भामाशाह शिक्षक रामधारी सिंह मीणा प्रतिवर्ष अपने वेतन का आधा भाग दीन दुखियों की सेवा में अर्पित करते हैं। उसी कड़ी में रविवार को भामाशाह शिक्षक रामधारी सिंह ने अपनी टीम के साथ क्षेत्र के गरीब, असहाय, जरूरतमंद 17 लोगों को उनके घर-घर जाकर 3-3 हजार रुपए प्रति परिवार भेंट किए। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि वे मानवता परमो धर्म के सिद्धांत में अटूट विश्वास रखते हैं और इसे अपना अहम लक्ष्य मानते हुए उन्होंने कई वर्ष पूर्व अपने वेतन का आधा भाग दीन दुखियों की सेवा में अर्पित करने का निर्णय लिया। और उसी समय से वे प्रतिवर्ष अपने वेतन का आधा भाग दीन दुखियों की सेवा में अर्पित कर रहे हैं। उसी क्रम में रविवार को उनके द्वारा क्षेत्र के 17 जरूरतमंद परिवारों को तीन-तीन हजार रुपए प्रति परिवार भेंट कर लाभान्वित किया गया। भामाशाह शिक्षक से तीन-तीन हजार रुपए की सहायता राशि प्राप्त करने के उपरांत लाभान्वित लोगों के चेहरे खुशी से खिल गए। सहायता राशि वितरण के लिए मानवता सेवा संघ के सदस्यों द्वारा पिछले 15 दिनों में क्षेत्र के ऐसे परिवारों को चिन्हित किया गया जो वास्तविक रूप से गरीब असहाय और जरूरतमंद हैं। इसके उपरांत 17 जरूरतमंद लोगों का चयन किया गया। जिन्हें रविवार को भामाशाह शिक्षक एवं उनकी टीम के द्वारा उनके घर-घर जाकर 3-3 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि भेंटकर लाभान्वित किया गया।

इस अवसर पर मानवता सेवा संघ के सदस्य शिवराम मीणा, लेखराज खेड़ी, पिंटू कुमार, रामअवतार, मनीराम चांदेरा, भवानी खेड़ी, प्रमोद गुरुजी, कैलाशचंद चांदेरा, हिम्मत खेड़ी, रामकेश गुरुजी, गौरव पीटीआई, नितिन जांगिड़, ललतेश मिर्ज़ापुर, रिंकू मिर्ज़ापुर, विजय चांदेरा आदि मौजूद रहे

## सर्व समाज हैल्प टीम राजगढ़ के द्वारा पेड लगाओ अभियान के तहत आश्रम किशोर नाथ महाराज रतनगढ़ में लगाएं दर्जनों पौधे




■ संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। जिले के रतनगढ़ पाला (मालाखेड़ा) स्थित पहाड़ी किशोर नाथ आश्रम पर रविवार को सर्व समाज हेल्प टीम राजगढ़ के द्वारा पेड़ लगाओ अभियान के तहत आश्रमो पर केई दर्जन पेड़ पौधे लगा कर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश। जिसमें बरगद, गुलर, पिपल, कड़ी बिधाम, निंबू, कल्पवृक्ष, रुद्राक्ष सहित अन्य फुल दार पौधे लगाए। सुनिल भांकरी व प्रमोद सैनी ने बताया कि अब तक हजारों पौधे लगा चुके हैं और आगे ओर भी लगाने का लक्ष्य है यह पेड़ जीव जगत के अस्तित्व के लिए अनिवार्य है। ओर जिस तरह मां हमारी देखभाल करती है उसी प्रकार हमें भी पेड़ों की देखभाल करनी चाहिए। वहीं रतनगढ़ पाला आश्रम स्थिति संत श्री श्री 1008 श्री किशोर नाथ महाराज ने सभी पर्यावरण प्रेमियों को स्वागत सत्कार किया,जिसमें सभी ने गुरु का आशिर्वाद प्राप्त किया इस मौके पर सुनिल भांखरी, प्रमोद सैनी सकट,विक्रम फौजी सकट,स्थानीय सरपंच सुरेश चंद मीणा लक्ष्मण दास महाराज,हीरालाल मीणा,बंसी राम मीणा,रैणी गौ रक्षक मीडिया प्रभारी महेंद्र मीणा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## चाकसू के बड़ली गांव तालाब में 3 बालको के डूबने का मामला



■ संजीवनी टुडे

### तालाब में डूबने से तीनो बालको की हुई मौत,

चाकसू। के बड़ली गांव स्थित तालाब में डूबे 3 बालको जो ढूंढने के लिए चलाए गए सर्च ऑपरेशन में गक्टक्क्एनडीआरएफ और एसडीआरफ की टीम को सफलता मिली है। करीब 7 घंटे तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद टीम ने तीनो बालको के शव पानी से बाहर निकाला है। पुलिस ने तीनो बालको के शव मोर्चरी में रखवाए है। तीनो बालको के शव पानी से बाहर निकालते ही परिजनों चीख पुकार मच गई। बालकों की मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई और वही जानकारी के मुताबिक बड़ली निवासी कानाराम, रवि व लक्ष्मण गांव में बने तालाब में नहाने गए थे। इस दौरान तीनो बालक गहरे पानी के चले गए और डूब गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया वही टीम ने स्थानीय गोताखोर तयैब खान की मदद से सर्च ऑपरेशन शुरू किया। करीब 7 घंटे तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद टीम ने तीनो बालको के शव बाहर निकाला। मौक़े विधायक रामावतार बैरवा भी पहुँचे थे। चाकसू एसीपी सुरेन्द्र सिंह, थाना प्रभारी कैलाश दान, उपखंड शिवचरण शर्मा, पंचायत प्रशासन मौक़ेपर मौजूद रहा है । वही बताया जा रहा है कि तालाब में डूबने वाले तीनो बालकों में रवि गुर्जर तीन बहिनो में इकलौता था वही उसके पिता की भी पूर्व में मृत्यु हो चुकी है। ऐसे में इस हादसे ने परिवार कों ओर तोड़ दिया। गांव के तीन बालकों की मौत के बाद गांव में घरों में चूल्हे नहीं जल पाया है।

## सत्ता के मद में चूर राजस्थान की भाजपा सरकार लोकतंत्र और संविधान की हत्या करने का काम कर रही है: जूली

■ संजीवनी टुडे



जयपुर। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राजस्थान विधानसभा के सदस्य एवं विधायक मुकेश भाकर के निलंबन की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि सत्ता के मद में चूर राजस्थान सरकार लोकतंत्र और संविधान की हत्या करने का काम कर रही है। उन्होंने मंगलवार को भी सदन में गतिरोध के बीच कहा कि सरकार लगातार कानून और नियमों की धज्जियां उड़ा रही है। देश के गृह मंत्रालय की गाइडलाइन का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। जूली बोले कोई भी अपने परिवार को किसी भी लाभ का पद नहीं दे सकते लेकिन राजस्थान सरकार के कानून मंत्री के बेटे को इझ्क बनाया गया। सरकार अब देश के गृह मंत्री अमित शाह के आदेश को भी ताक पर रख रही है। जूली बोले विपक्ष के इस मजबूत मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए सदन को भ्रमित किया जा रहा है। सदन में प्रश्न का जवाब देने के बजाय और जनहित की चर्चाओं से बचने के लिए तानाशाही की जा रही है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सभी विधायक रात भर सदन में धरने पर रहे और आज सदन की कार्रवाई के दौरान रामधुनी का जाप कर सत्ता के नशे में चूर सरकार को जगाने का प्रयास करते रहे। प्रश्नकाल के दौरान हंगामे के बीच विधायक रमिला खड़िया की तबीयत खराब हो गई हंगामें और नारेबाजी के बीच ही नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने खड़िया की तबीयत बिगड़ने का मामला उठाया। जूली बोले हमारे विधायक की कोई गलती ही नहीं थी जब मैं बोल रहा था तब बीजेपी विधायक बाधा डाल रहे थे हमारे विधायक ने उनकी तरफ इशारा करते हुए रोकने का प्रयास किया।सत्ता पक्ष तुरंत निलंबन का प्रस्ताव ले आया इस तरह विपक्ष की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। जूली बोले हम हमारा हक लेकर रहेंगे प्रदेश में विपक्ष को और देश में बांटने का काम किया जा रहा है यह देश के लिए बेहद घातक हैं। जूली बोले भारत की खूबसूरती थी बाबा साहब का संविधान और लोकतंत्र को कांग्रेस ने बचा कर रखा था जो भारतीय जनता पार्टी की सरकार तार तार कर रही है।जूली बोले जब से प्रदेश में पर्ची वाली भाजपा सरकार आई है लोकतंत्र में काले अध्यायों का इतिहास जुड़ता जा रहा है, विपक्ष को सुना नहीं जा रहा है, विपक्ष यदि अपनी आवाज उठाता है तो उन पर अनुचित कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि विधानसभा की नियम प्रक्रियाओं की विपरीत दिशा में यह निलंबन की कार्यवाही की गई है । जूली बोले पूरा विपक्ष शीघ्र इस मामले को लेकर राज्यपाल से मिलेगा। कांग्रेस पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता गांव गांव तक इस तुगलकी फरमान का विरोध करेगा, हम संविधान खत्म नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि सत्ता के लालच में नियमों और कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है, अध्यक्ष को ज्ञापन दिया गया उसमें नियमों की कॉपी साथ में लगाई गई। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के नियम और कानून की पालना करना सरकार की जिम्मेदारी है,अपनी गलती को छुपाने के लिए सत्ता पक्ष इस तरह का बवंडर मचा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस के जवानों को सदन के नियमों की जानकारी नहीं थी या जानबूझकर हमारे विधायकों के साथ हाथापाई की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि पुरुष पुलिस ने महिला विधायकों के साथ हाथापाई की।

## कृपारामपुरा गांव में बांडी नदी में युवक के बहने का मामला, करीब 25 घंटे बाद मिला युवक का मिला शव

■ संजीवनी टुडे



चाकसू । इलाके के कृपारामपुरा गांव में बांडी नदी के एनिकट में बहे युवक को ढूंढने के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरफ की ओर से चलाए गए सर्च ऑपरेशन में सफलता मिली है। टीम के संयुक्त ऑपरेशन के दौरान करीब 25 घंटे बाद नदी में बहे युवक का शव एनिकट से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर झाड़ियों में अटका मिला है। वही टीम ने शव को पानी से बाहर निकाल लिया और वही थानाप्रभारी कैलाश दान ने बताया कि घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने शव का पोस्टमार्टम मौके पर कराने की मांग की गई है। जानकारी के मुताबिक शनिवार को बांडी नदी के एनिकट में गणेश शर्मा बह गया था। सूचना पर एसडीआरफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर सर्च ऑपरेशन शुरू किया लेकिन गणेश का कोई पता नही चला वही बाद में रविवार सुबह एनडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया गया। दोनो टीमों के करीब 50 जवानों ने नदी में सर्च ऑपरेशन शुरू किया वहीं टीम में शामिल जवानों को 25 घंटे के बाद गणेश का शव डेढ़ किलोमीटर दूर झाड़ियों में अटका मिला था और वही टीम ने शव को पानी से बाहर निकाल लिया है। मृतक गणेश शर्मा की उम्र 35 साल वह कृपारामपुरा गांव निवासी है, जो की शनिवार को नदी पर बने एनीकट पर अपने भतीजे के साथ नहाने गया था, अचानक दोनों नदी में बह गए। भतीजा तो सुरक्षित बच गया लेकिन चाचा गणेश शर्मा नदी के बहाव में ओझल हो गया था। जिसका शव रविवार को बरामद कर लिया गया है। इधर, परिजनों का घटना से रो-रोकर बुरा हाल हो गया है ।

## ठेहट हत्याकांड के इलाके में आए मुख्यमंत्री, किया मूर्तियों का अनावरण

■ संजीवनी टुडे



सीकर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल कुछ अर्से में ही रविवार को चोथी बार सीकर आये। रविवार को उन्होंने पिपराली रोड़ पर गुरुकृपा अस्पताल के सामने की गली में एक शिक्षाविद व एक संत की मूर्तियों के स्थापना कार्यक्रम में भाग लिया। यहां दिवंगत शिक्षाविद पंडित हरिनाथ चतुर्वेदी व संत मकड़ीनाथ महाराज की प्रतिमाओं का अनावरण किया गया। उन्होंने इस कार्य की सराहना की व यमुना जल के बारे में कहा कि अभी योजना बन रही है। अपने भाषण में उन्होंने खाटूश्यामजी कारिडोर का भी जिक्र किया। इन प्रतिमाओं की स्थापना फतेहपुर शेखावाटी विधानसभा क्षेत्र से पराजित प्रत्याशी श्रवण चौधरी की ओर से अपने शिक्षण संस्थान में करवाई गई है। समारोह में उद्घघोषणा के मुताबिक सीकर की जनता की ओर से उन्हें विशाल माला पहनाई गई। समारोह में मुख्यमंत्री सीकर की जनता को कोई सौगात नहीं दे पाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में सीकर का पूरा ध्यान रखते हुए ढेरों घोषणाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का गठन होते ही शेखावाटी क्षेत्र में यमुना का जल पहुंचाने के लिए लिए तीन दशक से अटके यमुना जल समझौता को पूरा किया। शर्मा ने कहा कि 100 करोड़ रुपए से खाटूश्याम कॉरिडोर का विकास, 90 करोड़ रुपये की लागत से एनएच-52 रामू का बास से एसएच-8 कुड़ली बाइपास सड़क संबंधित कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थल शाकम्भरी के विकास कार्य सहित सीकर की आईटीआई में 3डी प्रिंटिंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, फाइबर टू होम तकनीशियन, मल्टीमीडिया, एनीमेशन आदि से संबंधित ट्रेड्स प्रारंभ किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वेद विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों के मानदेय को 8 हजार रुपये से बढ़ाकर 15 हजार रुपये प्रतिमाह करने तथा सीकर में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट (भ्रष्टाचार निरोधक एक्ट) न्यायालय खोले जाने की घोषणा की गई है।

## सर्वेश्वर फूड्स लि. ने वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के लिए शानदार वित्तीय परिणामों की घोषणा की

■ संजीवनी टुडे

मुंबई। सर्वेश्वर फूड्स लि. जो घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में ब्रांडेड और गैर-ब्रांडेड बासमती और गैर-बासमती चावल और अन्य उत्पादों के निर्माण, व्यापार, प्रसंस्करण और विपणन के कारोबार में लगी हुई है, ने 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए अपनी कमाई की घोषणा की है। वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही (समेकीकृत) के लिए, कंपनी ने ऑपरेशन से राजस्व 23305.44 लाख रुपये दर्ज किया, जो सालाना आधार पर 24% की वृद्धि दर्शाता है।एबिटा 1406.45 लाख रुपये पर रहा, जिसमें सालाना आधार पर 11% की वृद्धि दर्ज की गई। शुद्ध लाभसालाना आधार पर 6% बढ़कर 290.06 लाख रुपये (वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही ) से बढ़कर 308.87 लाख रुपये (वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही ) हो गया। प्रति शेयर ईपीएस 0.13 रुपये रहा। इसके अलावा, बोर्ड ने क्यूआईपी, एडीआर, जीडीआर, एफसीसीबी या किसी अन्य तरीके या संयोजन के माध्यम से इक्विटी शेयरों के जारीकरण और आवंटन द्वारा 250 करोड़ रुपये तक का धन जुटाने को मंजूरी दी, जिसमें सभी नियामक और सदस्य अनुमोदन शामिल हैं। इससे पहले, बोर्ड ने घोषणा की थी कि उसके बोर्ड ने विभिन्न प्रमोटर और गैर-प्रमोटर / सार्वजनिक समूह संस्थाओं, जिसमें एफपीआई नोवा ग्लोबल अपॉर्चुनिटीज फंड पीसीसी-टचस्टोन शामिल है, को अधिमान्य आधार पर परिवर्तनीय वारंट के आवंटन को मंजूरी दी है। हाल ही में, कंपनी ने टिकाऊ कृषि पद्धतियों में क्रांति लाने के लिए बूमीत्रा ओ 2सी टेक इंडिया के साथ साझेदारी की। इस महत्वपूर्ण समझौते का उद्देश्य उत्पादकता बढ़ाना, मृदा स्वास्थ्य में सुधार करना और सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड और सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड से जुड़े 17,000 से अधिक किसानों के लिए कार्बन क्रेडिट की बिक्री के माध्यम से आय उत्पन्न करना है, जो 45,000 एकड़ भूमि को कवर करते हैं। एसएफएल के पास 130 से अधिक वर्षों से स्वस्थ और स्वादिष्ट चावल की सेवा करने की स्थायी और पर्यावरण-अनुकूल विरासत है और पिछले कुछ दशकों में एफएमसीजी और जैविक उत्पादों की अन्य प्रीमियम श्रेणियों में अपनी विरासत का विस्तार किया है। एसएफएल हिमालय की तलहटी में स्थित भूमि से संबंधित है जो उपजाऊ खनिज युक्त मिट्टी, जैविक खाद और चनाब नदी के पिघले हुए पानी से पोषित होती है, जहां बिना किसी कृत्रिम उर्वरक और रसायनों का उपयोग किए, वे 'निंबार्क' ब्रांड नाम के साथ पूर्ण श्रृंखला के 'जैविक' उत्पाद तैयार करते हैं - 'सात्विक' चेतना जीवन शैली के दर्शन को फैलाने के लिए अवधारणा की गई। अपने उत्पादों को बेचने के लिए, एसएफएल ने तीन तरह की रणनीतियाँ अपनाई हैं, पहली पारंपरिक चैनलों के माध्यम से, दूसरी अपनी खुद की खुदरा दुकानें और युवा और तकनीकी रूप से समझदार पीढ़ियों की ऑनलाइन उत्पाद खरीदने की बढ़ती प्रवृत्ति का लाभ उठाने के लिए। सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड (एसएफएल) एक आईएसओ 22000:2018 और यूएसएफडीए (यूनाइटेड स्टेट्स फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) प्रमाणित कंपनी है। एसएफएल के पास अपने उत्पादों के लिए बीआरसी (खाद्य सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा वैश्विक मानक), कोषेर, एनपीपीओ यूएसए और चीन के साथ-साथ एनओपी-यूएसडीए जैविक प्रमाणपत्र भी हैं।

## खबरें फटाफट

### वैवाहिक जीवन के सुख-समृद्धि का पर्व है कजरी तीज, 22 अगस्त को मनाएंगे

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। हरियाली तीज के बाद आने वाली कजरी तीज सुहागिनों के लिए खास होती है। इस दिन विवाहित महिलाएं भगवान शिव और माता पार्वती के साथ चंद्रमा की पूजा करती हैं। इसे सातूड़ी तीज या बड़ी तीज के नाम से भी जानते हैं। कजरी तीज के दिन सुहागिनें पति की लंबी उम्र की कामना के लिए व्रत रखती हैं। भाद्रपद मास में कृष्ण पक्ष की तृतीया को कजरी तीज का त्योहार मनाया जाता है। इस बार यह त्योहार 22 अगस्त को मनाया जाएगा। ज्योतिषाचार्य डॉ. अनीष व्यास ने बताया कि भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि 21 अगस्त को शाम 5.06 बजे शुरू होगी और अगले दिन 22 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 46 मिनट पर समाप्त होगी। उदया तिथि के अनुसार कजरी तीज 22 अगस्त को मनाई जाएगी। इस दिन सुहागिन महिलाएं करवाचौथ की तरह शाम के समय चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद व्रत का पारणा करती हैं। मान्यता है कि व्यक्ति की कुंडली में चाहे कितनी ही बाधाएं क्यों न हों, इस दिन पूजा करने से नष्ट हो जाती हैं।

### उदयपुर से एकलिंगजी तक निकाली पदयात्रा

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। देश में अमन चेन, अच्छी वर्षा व दो दिन पहले स्कूल में हुई चाकूबाजी की घटना में घायल छात्र के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना के साथ नवदीप नवयुवक मंडल के कार्यकर्ताओं ने रविवार को आयड़ स्थित कालका माता मंदिर से एकलिंगनाथ मंदिर तक 21 किलोमीटर की पदयात्रा की। कार्यकर्ता रास्ते में महादेव के जयकारे व महामृत्युंजय का जाप करते चल रहे थे। मंदिर पहुंचने पर सभी ने घायल छात्र के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। पदयात्रा में भरत वैष्णव, नितिन जैन, कैलाश लक्ष्यकार, विनोद चौहान, दिनेश साहु, सानु भोई, सुनील नायक सहित कार्यकर्ता शामिल थे।

### निर्माणाधीन रोड किनारे दीवार से टकराया बाइक चालक, मौत

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। सुखेर थाना क्षेत्र में आरटीओ के पास बाइक सवार दीवार से टकरा गया। युवक का 5 दिन तक अस्पताल में उपचार चलता रहा। रविवार को उसने दम तोड़ दिया। हेड कांस्टेबल नीतेश मेनारिया ने बताया कि दरीबा रोड, फतहनगर निवासी संजय सिंह चौहान (22) पुरोहितों की मादड़ी में किराये पर अपने साथी के साथ रहते थे। वह पायड़ा में कालका माता रोड पर फर्नीचर की दुकान पर काम करते थे। गत 13 अगस्त को वह दोस्त के साथ दुकान से वापस घर जा रहे थे। दोनों अलग-अलग बाइक पर थे। रास्ते में आरटीओ रोड पर निर्माण कार्य चल रहा है, जहां वन वे किया हुआ है। रात 8:30 बजे वहां से निकलने के दौरान अंधेरे में खराब रोड पर बाइक अनियंत्रित होकर दीवार से टकरा गई। सिर पर चोट आने से वह गंभीर घायल हो गए। पीछे आ रहे साथी ने उन्हें एमबी हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां रविवार को इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज किया और शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। रात 8:30 बजे वहां से निकलने के दौरान अंधेरे में खराब रोड पर बाइक अनियंत्रित होकर दीवार से टकरा गई। सिर पर चोट आने से वह गंभीर

### छात्र से पैसे और मोबाइल उधार लिए, वापस मांगने पर मारपीट कर चाकू से हमला किया, मुकदमा दर्ज

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। उदयपुर हिरणमगरी थाना क्षेत्र के मनवाखेड़ा स्थित हॉस्टल के छात्र को उधार लिए पैसे व मोबाइल देने के बहाने बाहर बुलाकर मारपीट की। फिर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार चित्तौड़ हाल मनवाखेड़ा निवासी नवीन कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया कि वह मनवाखेड़ा में एक छात्रावास में रहते हैं। दोस्त संदीप चुंबुक ने करीब 3 माह पहले उनसे एक मोबाइल और 3 हजार रुपए उधार लिए थे। उन्होंने कई बार तकाजा किया, लेकिन उसने नहीं लौटाए। गत 16 अगस्त की रात को उन्होंने संदीप से मोबाइल और रुपए लौटाने को कहा। रात 2 बजे वह हॉस्टल के बाहर फोन और पैसे देने आया। वह बाहर गए तो आरोपी ने गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिस के अनुसार चित्तौड़ हाल मनवाखेड़ा निवासी नवीन कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया कि वह मनवाखेड़ा में एक छात्रावास में रहते हैं। दोस्त संदीप चुंबुक ने करीब 3 माह पहले उनसे एक मोबाइल और 3 हजार रुपए उधार लिए थे। उन्होंने कई बार तकाजा किया, लेकिन उसने नहीं लौटाए। गत 16 अगस्त की रात को उन्होंने संदीप से मोबाइल और रुपए लौटाने को कहा। रात 2 बजे वह हॉस्टल के बाहर फोन और पैसे देने आया। वह बाहर गए तो आरोपी ने गाली-गलौज कर मारपीट की। वह जान बचाकर भागने लगे तो आरोपी ने चाकू से हमला कर दिया। आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान अन्य दो दोस्तों ने आकर उनका बचाव किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


# धडल्ले से हा रहा अवैध बजरी परिवहन का गौरखधंधा, रॉयल्टी के नाम पर अवैध लूट

**बजरी माफियाओं कि बल्ले बल्ले, माईनिंग विभाग सो रहा कुंभकरणी नींद, बिना ई रवाना, बिना कॉमर्सीयल ट्राली, बिना ट्रेक्टर नम्बर चल रहा अवैध बजरी परिवहन**

■ संजीवनी टुडे

भूपालसागर। भूपालसागर में धडलले से हो रहा बजरी अवैध परिवहन, आमजन मंहगे दाम चुकाने को मजबुर। बजरी माफियाओं कि हो रही बल्ले बल्ले माईनिंग विभाग सो रहा कुभकरणी नींद में। बिना ई रवाना, बिना कॉमर्सीयल ट्राली, बिना ट्रैक्टर नम्बर सरपट दोड रहे अवैध बजरी से भरे दस दस ट्रैक्टर। राज्य सरकार द्वारा खनन विभाग को दी गई गाईड लाईन कि उड़ रही सरेआम धज्जीयां। राज्य सरकार कि गाईड लाईन के अनुसार बिना ई रवाना के कोई भी ट्रझैक्टर या डम्पर बिना रॉयल्टी चुकाये और भार क्षमता से ज्यादा बजरी परिवहन नहीं कर सकता। एसे में अब ऑवर लॉड बजरी से भरे ट्रेक्टर नम्बर सरपट दौड़ रहे है इन बजरी माफियाओं को आखीर किसकी सह मिल रही है, जिससे कि बैखौफ होकर ये सरकार के नियमों कि धज्जीयां उड़ाते हुए कुट रहे है चांदी। सरपट दोडते अवैध बजरी के ट्रझैक्टर बिना रॉयल्टी चुकाये और भार क्षमता से ज्यादा बजरी भरकर बैखोफ होकर धडल्ले से परिवहन कर रहे है, लेकिन माईनिंग विभाग ना जाने कोन सी कुभकरणी नींद सो रहा है। जिससे कि बजरी माफियाओं में माईनिंग विभाग का कोई खौ ही नहीं है। ईधर एक रंगीन सादी पर्ची जिस पर किसी संस्था का नाम नहीं अंकित होना और भार क्षमता अंकित नहीं होना, सादी पर्ची पर ट्रैक्टर नम्बर अंकित होना और ट्रैक्टर या ट्राली पर कोई नम्बर अंकित नहीं होना यह भी परिवहन विभाग कि घोर लापरवाही दर्शाता है। जबकि कॉमर्सीयल युज के लिए ट्राली भी कॉमर्सीयल होना जरूरी होता है। साथ सरकार कि और जारी रॉयल्टी ई रवाना है जिस पर ट्रैक्टर मालीक का नाम, नम्बर, कॉमर्सीयल ट्राली नम्बर, एवं उसमें भरा हुआ भार सहित फोटो ई रवाना में अंकित होता है और वो ही वास्तविक रॉयल्टी के रूप में जानी जाती है।





### रॉयल्टी के नाम पर आमजन मंहगे दाम चुकाने को मजबुर

ईधर रॉयल्टी के नाम पर आमजन पर डबल मार पड़ रही है आमजन को मंहगे दाम चुकाने पड़ रहे है। जबकि बजरी माफिया सरकार को बिना रॉयल्टी चुकाये आमजन से वसुल रहे है डबल दाम। फॉर्मेलिटी के लिए चैक पौस्ट कि रंगीन स्लीप साथ में रखकर चकमा देते हुए वसुल रहे मोटे दाम। पर्ची के पीछे सांवलिया चैक पोस्ट के नाम कि एक शील लगी हुई है। माईनिंग विभाग के ईन्जीनियर अहतशाम सिद्धीकी से रंगीन सादी पर्ची के बारें में जानकारी मांगी तो कहा कि मंगलवार को इसकी जांच करवायेगें उसके बाद ही इस रंगीन पर्ची के बारें में कुछ कह पाउंगा।

# वाहन चोरी की घटना का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

**चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा जिले से चोरी की गई 09 मोटर साईकिल बरामद**

■ संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ़। कोतवाली चितौड़गढ़ थाना पुलिस ने शहर से वाहन चोरी की घटना का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चित्तौड़गढ़ व भीलवाड़ा जिले से चोरी की गई 09 मोटर साईकिल बरामद की हैं। जिला पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि 07 अगस्त को शहर के पद्मावती मैरिज गार्डन से राहुल जटिया की मोटर साईकिल अज्ञात बदमाशों द्वारा चोरी कर ले जाने के मामले में कोतवाली चित्तौड़गढ़ थाने पर प्रकरण दर्ज कर जांच की गई। शहर चितौड़गढ़ से हुई वाहनों की चोरियो की घटनाओं की रोकथाम एवं खुलासे के लिये एएसपी परबत सिंह एवं वृताधिकारी चितौड़गढ़ तेज कुमार पाठक के निर्देशन में थानाधिकारी कोतवाली चितौड़गढ़ संजीव स्वामी (पु.नि.) के नेतृत्व में एएसआई कैलाश चन्द्र, कानि. सुनिल कुमार, धर्मेन्द्र सिंह, राजेश, मनोज व बलराम की एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा शहर चितौड़गढ़ में लगे हुऐ सीसीटीवी फुटेज का बारिकी से विश्लेषण कर तकनीकी साक्ष्य एवं ह्युमन इंटेलीजेंस का उपयोग करते हुऐ मोटर साईकिल चोरी की घटना कारित करने वाले आरोपी भैरूसिंह जी का खेड़ा थाना कोतवाली चित्तौडगढ निवासी 27 वर्षीय राधेश्याम प्रजापत उर्फ लादु पुत्र मुलचन्द प्रजापत व मध्यप्रदेश के किर्ता थाना रतनगढ जिला निमच हाल भीलों की झोपडियां गांधीनगर चित्तौडगढ़ निवासी 23 वर्षीय ईश्वर उर्फ कालू पुत्र भैरूलाल भील को गिरफ्तार कर चोरी की 09 मोटर साईकिले बरामद की गई। आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में उक्त मोटर साईकिले चित्तौड़गढ़ शहर, जिला भीलवाडा से चोरी करना बताया। मामले में गिरफ्तार आरोपियों राधेश्याम उर्फ लादु प्रजापत व ईश्वर उर्फ कालु भील को न्यायालय में पेश न्यायिक अभिरक्षा मे भिजवाया गया।




# ओपीडी व ओटी रहे बंद, कई मरीज लौटे, इमरजेंसी में रही भीड़

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। कोलकाता में मेडिकल कॉलेज की महिला रेजिडेंट के साथ बलात्कार कर हत्या को लेकर देशव्यापी विरोध के तहत2 शनिवार को उदयपुर में भी वरिष्ठ व रेजिडेंट चिकित्सकों ने शांतिपूर्ण हड़ताल की। नियमित ओपीडी व चयनित ओटी नहीं खुले तथा शैक्षणिक कार्य पूरी तरह से बंद रहा। इमरजेंसी सेवाएं, ऑपरेशन व आईसीयू की सेवाएं निर्बाध रूप से जारी रही। ओपीडी बंद रहने से मरीजों को खासी परेशानी हुई, वहां आने वाले मरीजों को चिकित्सकों ने हड़ताल के बारे में समझाया तथा इलाज की जरुरत वाले मरीजों को इमरजेंसी में भेजा। आरएएमसीटीएए सचिव डॉ. दीपक आमेटा ने बताया कि हड़ताल के चलते सुबह चिकित्सक ओपीडी में नहीं पहुंचे। वहां उन्होंने आने वाले मरीजों से हड़ताल को लेकर समझाइश की तथा विरोध में सहयोग का आह्नान किया। वार्ड में भर्ती मरीज, आईसीयू और आपातकालीन कार्य सुचारु चले। हड़ताल के दौरान वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. असित मित्तल, डॉ.नरेंद्र कदम, डॉ. सुधा गांधी, डॉ.तरुण रालोत, डॉ. शरद मेहता, डॉ.मुक्ता, डॉ.आशीष जैन, डॉ.सुरेश गोचर, डॉ.के.जी. शर्मा, डॉ सौरभ जैन, डॉ.सोनल भाटी, डॉ.सीमा मीना, डॉ.कौशल यादव आदि का सहयोग रहा। इधर, उदयपुर रेजिडेंट्स डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.दीपक निनामा ने बताया कि आरएनटी व उससे समबद्ध अस्पतालों में चिकित्सकों ने शांतिपूर्ण हड़ताल की। सभी चिकित्सकों ने घटना पर रोष जताते हुए सरकार से डॉक्टरों को सुरक्षा देने के लिए कानूनों में संशोधन करने की मांग की, ताकि चिकित्सकों पर होने वाली हिंसा को गंभीर अपराध माना जाए। अस्पतालों और क्लीनिकल सेटिंग्स में सुरक्षा बलों को तैनात करने, डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिए संकट प्रबंधन और सुरक्षा उपायों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने तथा अस्पतालों में सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा गाड्र्स और टोकन सिस्टम लागू करने की मांग की।




# केदारिया में केदारेश्वर महादेव निकले नगर भ्रमण पर



■ संजीवनी टुडे

केदारिया। श्रावण मास के अंतिम सोमवार से पहले ब्रम्ह नगरी केदारिया के राजा भगवान केदारेश्वर महादेव की नगर भ्रमण की आज दूसरी सवारी केदारिया में निकाली गई। पालकी निकलने के पहले मुख्य पुजारी महंत संध्यागिरी महाराज के नेतृत्व में महा रुद्राभिषेक किया गया व षोडशोपचार से पूजन अर्चन किया गया पूजन अर्चन के बाद भगवान की आरती उतारी गई। इसके पश्चात भगवान केदारेश्वर पालकी में सवार होकर अपनी प्रजा का हाल जानने और भक्तों को दर्शन देने के लिए नगर भ्रमण पर निकले। नगर भ्रमण के दौरान पालकी के साथ कई गणमान्य नागरिक एवं सेंकड़ो श्रद्धालू शामिल हुए और हर हर महादेव के जयघोष के साथ पूरे नगर की हर गली से भगवान केदारेश्वर गुजरे। भ्रमण यात्रा में आगे आगे घोड़े व बैंड बाजे चले तथा पालकी के साथ भगवान शिव व भूतों की मनमोहक झाकियों के साथ सेंकड़ो श्रद्धालू महिला पुरुष व बच्चे नाचते झूमते पुरे नगर में साथ साथ चले मार्ग में जगह जगह खड़े सेंकड़ो श्रद्धालुओं ने जय श्री महाकाल व हर हर महादेव के घोष के साथ पुष्प वर्षा कर भगवान केदारेश्वर का स्वागत किया।

### सून मकान में एक लाख के जेवरात चोरीः सराड़ा थाना क्षेत्र का मामला, ससुराल राखी बांधने गया था परिवार



■ संजीवनी टुडे

सराड़ा।सलूंबर जिले के सराड़ा थाना क्षेत्र में एक सुनसान मकान में बीती रात चोरी हो गई। चोर करीब 1 लाख रुपए के सोना-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए। घटना टूचडा कलाल बस्ती उदपुरिया जागीर के रूपलाल कलाल के घर हुई। प्रार्थी रूपलाल कलाल ने बताया कि वह और उसकी पत्नी दोनों शनिवार को राखी बांधने अपने ससुराल गए थे। तभी पीछे से चोरों ने सूने मकान का फायदा उठाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर घर की अलमारी में रखे जेवराज चुराकर फरार हो गए। सोने की अंगूठी, 12 तोला चांदी के पायजेब, 15 तोला चांदी की चूड़ियां और चांदी की अंगूठियां चोरी कर ली। जिनकी कीमत लगभग 1 लाख रुपए है। परिवार को घटना की जानकारी रविवार सुबह लगी। जब परिवार ससुराल से घर पहुंचा तो घर का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो अलमारी का सामान बिखरा पड़ा था। प्रार्थी ने सराड़ा थाना पुलिस को सूचना देते हुए थाने में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस रिपोर्ट के आधार पर मामले की जांच में जुटी गई है।

# शहीद सैनिकों के घर पहुंचकर वीरांगनाओं का किया सम्मान, रक्षाबंधन की दी बधाई

■ संजीवनी टुडे

डूंगरपुर। रक्षाबंधन के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के संवेदनशील फैसले से जिले के शहीदों के घरों में त्योहार की खुशियां दुगूनी हो गई। राज्य सरकार के निर्देशानुसार रविवार को जिले में तीन शहीद परिवारों को सम्मानित कर रक्षाबंधन की बधाई दी गई। सागवाड़ा विधायक श्री शंकरलाल डेचा, जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर कुलराज मीणा, पूर्व राज्यमंत्री श्री सुशील कटारा, नगरपरिषद सभापति श्री अमृत कलासुआ, उपसभापति श्री सुदर्शन जैन, समाजसेवी श्री हरीश पाटीदार, श्री बंसीलाल कटारा और अन्य जनप्रतिनिधिगण शहीदों के घर पहुंचे और मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की ओर से रक्षाबंधन के त्योहार की बधाई देते हुए शहीदों के बलिदान को नमन किया और परिजनों की कुशलक्षेम पूछी। शहीद परिवारों को मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का संदेश पढ़कर सुनाया और संदेश पट्टिका भेंट की, तो परिजनों की आंखें नम हो गई। शहीदों के परिजनों ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा, जनप्रतिनिधिगण और जिला प्रशासन का आभार प्रकट किया। इस दौरान परिजनों ने गांव के विकास से जुड़े कुछ मुद्दे भी उठाए, जिनको पूरी आत्मीयतापूर्वक सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध में शहीद हुए डूंगरपुर ब्लॉक के भाटपुर निवासी श्री रामजी मीणा की वीरांगना रूपली देवी और पालदेवल निवासी श्री कालिया मनात की वीरांगना कालीबाई के घर जाकर 2100 रूपये, मिठाई, श्रीफल, शॉल और मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का संदेश लिखी तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं, श्रीलंका में शांति सेना के अभियान के दौरान शहीद हुए पांचमहुड़ी गलन्दर निवासी श्री भरतलाल खराड़ी की पुत्री बिजली खराड़ी को जिला कलक्टर कक्ष में सम्मानित किया गया। सागवाड़ा विधायक श्री शंकरलाल डेचा ने माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा को इस पहल के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि शहीदों के परिजनों के बीच आकर उनकी अलौकिक अनुभूति का अहसास हुआ। शहीदों के परिवारों से हमें राष्ट्र के लिए कुछ करने की प्रेरणा मिलती है। रक्षाबंधन के त्योहार पर शहीदों के परिजनों के बीच आकर बहुत अच्छा लगा। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने भी शहीदों के परिजनों से आत्मीयता पूर्वक संवाद कर रक्षाबंधन की बधाई दी।



# स्कूली छात्र पर चाकूबाजी मामला: छात्र कोमा में, उबारने के लिए डायलिसिस जरूरी, लेकिन ब्लड प्रेशर 80/45 ही, लेवल सुधारने को बढ़ाई दवा की डोज

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर।राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भट्टियानी चौहट्टा में चाकूबाजी में घायल छात्र वेंटिलेटर पर है। वह एमबी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती है। अफवाहों के बीच भास्कर ने रविवार रात 9 बजे छात्र का इलाज कर रहे मेडिकल बोर्ड के डॉक्टरों से बातचीत कर असल स्थिति पता की। इन्होंने बताया कि वेंटिलेटर सपोर्ट से छात्र का दिल 58 घंटे से धड़क रहा है। ब्लड में ऑक्सीजन लेवल भी सामान्य है। बीपी का अधिकतम स्तर 80 और न्यूनतम 45 (80/45) चल रहा है। यह सामान्य स्तर 120/80 से कम है। ऐसे में जरूरत के बावजूद डायलिसिस नहीं किया जा सकता है। क्योंकि इसके लिए बीपी का अधिकतम स्तर 100-100 व न्यूनतम 60-65 होना चाहिए। बीपी बढ़ाने के लिए दवा की डोज बढ़ा दिया है। एमबी अधीक्षक डॉ. आरएल सुमन का कहना है कि अत्यधिक रक्तस्राव के कारण ब्रेन, किडनी, लंग्स जैसे अंगों में रक्त संचार कम हो गया है। जिससे छात्र कोमा में चला गया। किडनी को सक्रिय करने के लिए डायलिसिस की जरूरत है। किडनी के सक्रिय होते ही शरीर के अंदर तरल पदार्थों का सभी अंगों में संतुलित संचरण शुरू हो जाएगा, जो उसे कोमा की स्थिति से बाहर निकाल सकता है। बता दें, छात्र को गत 16 अगस्त को सुबह 11 बजे आईसीयू में भर्ती कराया गया था। इसके बाद उसका चाकू से कटी जांघ की बड़ी धमनी का ऑपरेशन किया जा चुका है। अब तक उसे 15 यूनिट ब्लड चढ़ाया जा चुका है। छात्र के उपचार व मॉनिटरिंग करने वाले दल में आरएनटी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल व गैस्ट्रोइंट्रोलॉजिस्ट डॉ. विपिन माथुर, एमबी के अधीक्षक डॉ. आरएल सुमन, कार्डियक थोरेसिक सर्जन डॉ. विनय नथानी, एनेस्थेटिस्ट डॉ. विक्रम वेदी, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. हेमंत माहुर, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. तरुण रलोत, कोटा के नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. विकास शामिल हैं। एसएमएस जयपुर से आए तीन विशेषज्ञ चिकित्सकों का दल रविवार को इलाज कर लौट गया है। कलेक्टर का कहना है कि जरूरत पड़ी तो जयपुर के विशेषज्ञों के दल को दो घंटे में कभी-भी बुला सकते हैं। छात्र को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए कोटा से नेफ्रोलॉजिस्ट के आने के बाद अब आरएनटी के विशेषज्ञ चिकित्सकों का मेडिकल बोर्ड पूरा हो चुका है। क्योंकि डॉ. मुकेश बड़जात्या के सेवानिवृत्त होने के बाद से आरएनटी में नेफ्रोलॉजिस्ट का पद खाली है। घायल छात्र के निधन की अफवाह से रविवार को दो बार माहौल गरमा गया। घायल की मां व समाजजन सुबह 10 बजे मुखर्जी चौक में धरने पर बैठ गए। गुस्साए लोगों ने कुछ सब्जी विक्रेताओं के सामान भी बिखेर दिए। इस पर दूसरे समुदाय के लोग भी जुट गए। इनके आमने-सामने होने की सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी पहुंच गए। मां ने कहा कि शनिवार रात 12 बजे बेटे से मिलने के लिए पति अस्पताल गए, नर्स ने नहीं मिलने दिया। उन्हें भी काफी मिन्नतों पर अंदर जाने दिया। बच्चे का शरीर फूल गया था। फिर उन्हें बाहर कर दिया गया। तब से दो पुलिसकर्मी उनके साथ लगे रहे और हर बात उनके अफसरों तक पहुंचाते रहे। मां के मुताबिक डॉक्टर ने उन्हें दो दिन त्योहार मनाने के बाद बच्चे को ले जाने की बात भी कही। इस पर एसपी योगेश गोयल ने कहा कि जिसने अस्पताल में परिजनों को बच्चे से मिलने से इनकार किया, वह नामजद नहीं है। परिजन कभी भी बच्चे से मिल और डॉक्टर से स्थिति जान सकते हैं। यह सुनने के बाद मामला ठंडा पड़ा। करीब 11 बजे इमरजेंसी के बाहर भीड़ जुटी। ये लोग बच्चे से मिलने की मांग करने लगे। घायल छात्र की मां के साथ पहुंची महिलाओं ने घुसने की कोशिश की। रोकने पर नारेबाजी की। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया तो लोग उलझ गए। कुछ पुलिसकर्मियों ने हाथापाई भी की। मामला शांत होने के बाद भी लोग जमे रहे। इन्हें हाथीपोल थानाधिकारी आदर्श कुमार और जाब्ते ने हटाया। अभद्र भाषा के प्रयोग पर लोगों ने पुलिस को घेर लिया। एएसपी उमेश ओझा, मंजीत सिंह, डीएसपी छगन पुरोहित, नेत्रपाल सिंह आदि ने शांति की अपील की। फिर कलेक्टर अरविंद पोसवाल और एसपी योगेश गोयल ने कहा कि सभी लोग खड़े रह सकते हैं, व्यवस्था नहीं बिगड़ने देंगे। इंटरनेट बहाली के सवाल पर कलेक्टर ने कहा कि हालात सामान्य होने पर ही निर्णय लेंगे। एसपी ने दोहराया कि बच्चे को लेकर आशंका हो तो पुलिस-प्रशासन और हॉस्पिटल में से संपर्क कर सकते हैं। अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। हॉस्पिटल प्रशासन से लगातार अपडेट कर रहा है। दो दिन तनाव के बाद रक्षाबंधन से एक दिन पहले रविवार की छुट्टी होने के बाद भी शहर के सभी मुख्य बाजार खुले रहे। गिनती की दुकानें बंद दिखी। सूरजपोल, बापूबाजार, देहलीगेट, अश्विनी बाजार, हाथीपोल, मोचीवाड़ा और धानमंडी में लोगों ने रक्षाबंधन की खरीदारी की। त्योहारों के चलते दुकानों में माल भरकर बैठे व्यापारियों ने भी राहत की सांस ली। बाजारों के साथ फतहसागर, पिछोला झील, सहेलियों की बाड़ी, करणी माता, मोती मगरी, फिश एक्वेरियम, सुखाड़िया सर्किल जैसे पर्यटन स्थल भी खुले रहे। हालांकि पर्यटकों की भीड़ आम दिनों की तुलना में थोड़ी कम रही।



सम्पादक की कलम से....

# सम्पादकीय

## अगस्त महीना कई लिहाज से है महत्वपूर्ण, खुफिया एजेंसियां अलर्ट पर



अगस्त का महीना आमजन के लिए जहां तमाम खुशियां लेकर आएगा, वहीं खुशियां मनाते समय किसी तरह की लापरवाही की तो चुनौतियां भी कम नहीं होंगी। कुछ एजेंसियां भी कह रही हैं कि उत्तर प्रदेश में अभी कोरोना का पीक आना बाकी है और यह पीक टाइम 21 अगस्त के आसपास का होगा। पहली अगस्त को बकरीद है। तीन को रक्षाबंधन, पांच को अयोध्या में भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर भूमि पूजन होना है जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित तमाम नेता भी अयोध्या आएंगे और इसके बाद 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। ऐसे में शासन-प्रशासन एवं पुलिस के सामने भी कम चुनौती नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी बकरीद, रक्षाबंधन, पांच अगस्त को अयोध्या में भूमि पूजन, इसके बाद जन्माष्टमी और स्वतंत्रता दिवस को ध्यान में रखते हुए जिलों में विशेष सजगता व सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

योगी ने जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से कहा है कि शरारती और अराजक तत्वों पर नजर रखी जाए। कोविड के प्रोटोकाल का पालन करते हुए त्योहार मनाए जाएं। बकरीद और रक्षाबंधन पर कोई सार्वजनिक आयोजन नहीं होगा। लोग घरों में रह कर ही त्योहार मनाएं। अगस्त को लेकर चिंता इसलिए भी है क्योंकि खुफिया एजेंसियों ने 05 अगस्त को अयोध्या में भूमि पूजन के समय आतंकवादी हमले की रिपोर्ट दी है। आतंकी हमले की साजिश के इनपुट के बाद सुरक्षा एजेंसियां अयोध्या को अभेद्य किले में बदलने में लग गई हैं। बाहरी लोगों के साथ ही स्थानीय नागरिकों को पहचान पत्र दिखाने के बाद आने-जाने की इजाजत दी जा रही है। जिला प्रशासन ने होटलों और धर्मशालाओं में बाहरी व्यक्तियों के रुकने पर पाबंदी लगा दी है। मंदिर निर्माण के भूमि पूजन पर नरेंद्र मोदी के दौरे से पहले संवर रही अयोध्या में सुरक्षा की दृष्टि से खुफिया एजेंसियां और पुलिस कोई कमी नहीं छोड़ना चाहती है। जल, थल और नभ से सुरक्षा व्यवस्था की निगहबानी शुरू कर दी गई है। नगर में प्रवेश करने के साथ ही विभिन्न चरणों में सघन चेकिंग के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है। परिसर के आसपास व प्रधानमंत्री के संभावित दौरे वाले स्थलों पर कई प्रतिबंध लागू कर दिए गए हैं। सरयू नदी पर भी पुलिस की टीम तैनात कर दी गई है। खुफिया एजेंसी रॉ ने अयोध्या पर 5 अगस्त को आतंकी हमले का इनपुट दिया था। इसके बाद जिले की सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई है। स्थानीय नागरिकों और बाहरी व्यक्तियों को पहचान पत्र दिखाने के बाद आने जाने की अनुमति दी जा रही है। सीमाओं को भूमि पूजन के दिन सील कर दिया जाएगा।

अलर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने आतंकी हमले की पूरी योजना तैयार की है, इसके तहत लश्कर और जैश के आतंकियों को अफगानिस्तान में भेजकर विशेष ट्रेनिंग कराई गई है। मिली जानकारी के अनुसार, इन आतंकवादियों को तीन से पांच आतंकवादियों के ग्रुप में अलग-अलग भारत भेजा गया है। आईएसआई ने इन आतंकियों को अलग-अलग हमला करने का फरमान सुनाया है ताकि इसे भारत का आंतरिक मामला बताया जा सके। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के कार्यक्रम के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विशेष रूप से अयोध्या पहुंच रहे हैं। इसके अलावा बीजेपी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, कल्याण सिंह, उमा भारती, विनय कटियार और आरएसएस के कई नेताओं सहित कई धार्मिक शख्सियतों के भी कार्यक्रम में उपस्थित रहने की संभावना है। खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट के अनुसार वीआइपी भी आतंकी संगठनों के निशाने पर बताए गए हैं। खुफिया एजेंसियों की इस रिपोर्ट के बाद अयोध्या, जम्मू और कश्मीर तथा राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में विशेष सुरक्षा दल तैनात करने के निर्देश दिए हैं। खुफिया इनपुट के अनुसार, राम मंदिर के भूमि पूजन कार्यक्रम के अलावा 15 अगस्त के स्वतंत्रता दिवस समारोह और अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने की वर्षगांठ के मौके पर भी आतंकी हमला हो सकता है। जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म होने की वर्षगांठ भी पांच अगस्त को ही है।

## आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।




**मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ) :** आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

**वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो) :** सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

**मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह) :** कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

**कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) :** किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

**सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे) :** परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

**कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) :** आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

**तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) :** आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

**वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) :** व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द्र की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

**धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) :** आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

**मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी) :** आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

**कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) :** आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।

**मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) :** आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

# विचाराधीन कैदियों की न्याय तक पहुंच जल्द हो

न्याय में देर करना अन्याय है। भारत की न्यायप्रणाली इस मायने में अन्यायपूर्ण कही जा सकती है, क्योंकि भारत की जेलों में 76 प्रतिशत कैदी ऐसे हैं, जिनका अपराध अभी तय नहीं हुआ है और वे दो दशक से अधिक समय से जेलों में नारकीय जीवन जीते हुए न्याय होने की प्रतिक्षा कर रहे हैं। इन्हें विचाराधीन कैदी कहा जाता है, नैशनल क्राइम रेकॉर्ड ब्यूरो की 2020 की रिपोर्ट के मुताबिक देश भर की जेलों में कुल 4,88,511 कैदी थे जिनमें से 76 फीसदी यानी 3,71,848 विचाराधीन कैदी थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसे विचाराधीन कैदियों के मुद्दे को गंभीरता से उठाते हुए ईज ऑफ लिविंग यानी जीने की सहूलियत और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस यानी व्यापार करने की सहूलियत की ही तरह ईज ऑफ जस्टिस की जरूरत बताते हुए कहा कि देश भर की जेलों में बंद लाखों विचाराधीन कैदियों की न्याय तक पहुंच जल्द से जल्द सुनिश्चित की जानी चाहिए। आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए न्यायप्रणाली की धीमी रफ्तार को गति देकर ही ऐसे विचाराधीन कैदियों के साथ न्याय देना संभव है और इसी से सशक्त भारत का निर्माण होगा।

डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटीज के सम्मेलन में प्रधानमंत्री द्वारा इस मसले को उठाना खास तौर पर महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ इसकी गंभीरता को भी दर्शाता रहा है। विचाराधीन कैदियों का मुद्दा अति गंभीर इसलिये है कि बिना अपराध निश्चित हुए असीमित समय के लिये व्यक्ति सलाखों के पिछे अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय सजा के रूप में काट देता है, जब ऐसे व्यक्ति को निर्दोष घोषित किया जाता है, तो उसके द्वारा बिना अपराध के भोगी सजा का दोषी किसे माना जाये? ऐसे में कुछ ठोस कदम उठाए जाने की आवश्यकता है, ताकि यह व्यवस्था अधिकतम संख्या में नागरिकों को न्यायिक उपचार सुलभ कराने में सक्षम हो सके। सबसे पहले तो किसी व्यक्ति को दोषी ठहराए बिना जेल में रखे जाने की एक निश्चित समय सीमा होनी चाहिए। यह अवधि अनिश्चित नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा एक ट्रैकिंग प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता है, जो न्यायप्रणाली में विचाराधीन कैदियों का विश्लेषण कर यह बताए कि उनकी ओर से सलाखों के पीछे भेजे गए लोगों में से कितने आखिर में निर्दोष साबित हुए? ऐसी कानूनी एजेंसियों की पहचान होनी चाहिए और उनके खिलाफ कार्रवाई भी होनी चाहिए, जो अपनी ताकत का दुरुपयोग करती हैं। सरकार को उन मामलों में अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करनी होगी, जिनमें अंतहीन सुनवाइयों के कारण जिंदगियां जेलों में सड़ गईं।

विचाराधीन कैदियों का मुद्दा गंभीर है तभी प्रधानमंत्री ने पहले भी अप्रैल माह में राज्यों के मुख्यमंत्रियों और हाईकोर्टों के मुख्य न्यायाधीशों के सम्मेलन में भी यह विषय उठाया था। सुप्रीम कोर्ट भी समय-समय पर इस मसले को उठाता रहा है। बावजूद इन सबके पता नहीं क्यों, इस मामले में जमीन पर कोई ठोस प्रगति होती नहीं दिखती। नरेंद्र मोदी के द्वारा इस मुद्दे को उठाने लिए जो समय चुना है, वो सटीक भी है और ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण भी है। देश अपनी आजादी के 75 साल पूरे कर रहा है, यह समय हमारी आजादी के अमृत काल का है अतः देश में लम्बे समय से चले आ रहे अन्याय, शोषण, अकर्मण्यता, लापरवाही, प्रशासनिक-कानूनी शिथिलताओं एवं संवेदनहीनताओं पर नियंत्रण पाया जाना चाहिए। यह समय उन संकल्पों का है जो हमारी कमियों एवं विसंगतियों से मुक्ति दिलाकर अगले 25 वर्षों में देश को आदर्श की नई ऊंचाई पर ले जाएंगे। देश की इस अमृतयात्रा में न्याय प्रणली को चुस्त, दुरुस्त एवं न्यायप्रिय बनाने की सर्वाधिक आवश्यकता है। तभी प्रख्यात साहित्यकार प्रेमचन्द ने कहा था कि न्याय वह है जो कि दूध का दूध, पानी का पानी कर दे, यह नहीं कि खुद ही कागजों के धोखे में आ जाए, खुद ही पाखण्डियों के जाल में फंस जाये।'



### विचार बिन्दु

**भारत को अपनी न्याय प्रक्रिया में इस दृष्टि से आमूल-चूल परिवर्तन, परिवर्द्धन करने की आवश्यकता है कि अगर किसी आरोपित के पास जमानत के पैसे नहीं हैं तो सरकार उसकी आर्थिक मदद करे या जमानत हासिल करने के लिए उसे ऋण उपलब्ध कराए। गरीबी के कारण किसी को जेल में नहीं रखा जा सकता। विचाराधीन कैदियों में निश्चित ही कई निर्दोष होंगे। अन्याय का शिकार होने वाले ऐसे लोगों का मुद्दा ज्वलंत एवं अति-संवेदनशील होना चाहिए। यह एक ऐसा मुद्दा है, जिस पर तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है।**



ललित गर्ग

विचाराधीन कैदियों का 73 प्रतिशत हिस्सा दलित, ओबीसी और आदिवासी समुदायों से आता है। इनमें से कई कैदी आर्थिक रूप से इतने कमजोर होते हैं जो वकील की फीस तो दूर जमानत राशि भी नहीं जुटा सकते। इसे देश की न्यायिक प्रक्रिया की ही कमी कहा जाएगा कि दोषी साबित होने से पहले ही इनमें से बहुतों को लंबा समय जेल में गुजारना पड़ा है। आलम यह है कि इनकी जमानत पर भी समय से सुनवाई नहीं हो पा रही। उत्तर प्रदेश से जुड़े ऐसे ही एक मामले में सुप्रीम कोर्ट मई महीने में आदेश दे चुका है कि राज्य के ऐसे तमाम विचाराधीन कैदियों को जमानत पर छोड़ दिया जाए जिनके खिलाफ इकलौता मामला हो और जिन्हें जेल में दस साल से ज्यादा हो चुका हो। फिर भी जब ऐसी कोई पहल नहीं हुई तो पिछले हफ्ते सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार और इलाहाबाद हाईकोर्ट के रुख पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर आप लोग ऐसा नहीं कर सकते तो हम खुद ऐसा आदेश जारी कर देंगे। देखना होगा कि यह मामला आगे क्या नतीजा लाता है, लेकिन समझना जरूरी है कि बात सिर्फ यूपी या किसी भी एक राज्य की नहीं है। पूरे देश के ऐसे तमाम मामलों को संवेदनशील ढंग से देखे जाने और इन पर जल्द से जल्द सहानुभूतिपूर्ण फैसला करने की जरूरत है। ग्रेट ब्रिटेन, अमेरिका, न्यूजीलैण्ड, श्रीलंका जैसे मुल्कों ने जमानत के लिए अलग से कानून बनाया है और उसके अच्छे परिणाम आए हैं। भारत में भी ऐसे कदम उठाये जाने की जरूरत है।

कानून के मुताबिक, विचाराधीन कैदियों को जमानत मिलना उनका अधिकार है, लेकिन जागरूकता के अभाव, कानूनी प्रक्रिया की विसंगतियों के चलते या कई बार तकनीकी कारणों से वे लंबे समय से बगैर दोष साबित हुए जेल में बंद हैं। दंड शास्त्र का स्थापित सिद्धांत है कि बिना अपराध साबित हुए किसी व्यक्ति को जेल में बंद नहीं रखा जाना चाहिए। जमानत के प्रार्थनापत्र का शीघ्रता से निस्तारण संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन और दैहिक स्वतंत्रता के मूल अधिकार का हिस्सा है। ऐसे प्रार्थनापत्रों का एक समय-सीमा में निस्तारण होना चाहिए, और जब तक अभियुक्त को छोड़ने से न्याय पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका न हो, तब तक उसे जमानत से इनकार नहीं किया जाना चाहिए। पर हकीकत इससे अलग है। तभी मोदी ने सम्मेलन में भाग लेने वाले जिला न्यायाधीशों से आग्रह किया कि वे विचाराधीन मामलों की समीक्षा संबंधी जिला-स्तरीय समितियों के अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यालयों का उपयोग करके विचाराधीन कैदियों की रिहाई में तेजी लाएं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अनुसार कि देश में करीब 76 प्रतिशत कैदी विचाराधीन हैं। इनमें से एक बड़ी संख्या ऐसे कैदियों की होती है जिन्हें शायद निर्दोष पाया जाएगा। सारे विचाराधीन कैदियों में यह बात आमतौर पर देखी जाती है कि वे गरीब, युवा और अशिक्षित होते हैं। शायद सबसे बड़ा जोखिम गरीबी के कारण पैदा होता है, जो दो तरह से चोट करती है। एक, आर्थिक रूप से पिछड़े लोग कानूनी रूप से असहाय हो जाते हैं, क्योंकि उनके पास जेल जाने से बचाने वाली कानूनी लड़ाई के लिए पैसे नहीं होते। दूसरे, अगर जमानत मिल भी गई तो कई बंदी जमानत की रकम चुका नहीं पाते। ऐसे लोगों के लिये सरकार को कदम उठाते हुए सरकारी निःशुल्क कानूनी सहायता के उपक्रमों को विस्तारित करना चाहिए। हर उस व्यक्ति को सरकार से मुआवजा मिलना चाहिए जिसे न्यायिक हिरासत में एक साल बिताने के बाद निर्दोष पाया जाता है, क्योंकि सरकार समय पर कानूनी प्रक्रिया पूरी करने में विफल रही।

# रक्षाबंधन पर्व का इतिहास, पौराणिक और सांस्कृतिक महत्व

भारत की सनातन परंपरा पर्व प्रधान है। ये पर्व सृष्टि के क्रमिक विकास के वार्षिक पड़ाव हैं। प्रति वर्ष आकर ये जीवन के विकासक्रम को संस्कारित करते हैं और आगे अपने धर्म के निर्वहन की प्रेरणा भी देते हैं। यह धर्म कोई मजहब या पंथ नहीं होता बल्कि मानव का होता है। इसमें राजा का धर्म, प्रजा का धर्म, पिता का धर्म, पुत्र का धर्म, भगिनी का धर्म, भाई का धर्म, पति का धर्म, पत्नी का धर्म, बड़ों का धर्म, छोटों का धर्म आदि निहित हैं। यह जीवन की संस्कृति का निर्माण करते हैं। इन पर्वों में से ही एक महत्वपूर्ण पर्व है रक्षा सूत्र बंधन। वैसे तो यह अत्यंत पौराणिक प्रचलन का पर्व है लेकिन आजकल इसे भाई बहन के पवित्र रिश्ते के साथ जोड़ कर देखा जाता है। यह पर्व हर साल आता है और अब इसे केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के कई देशों में भाई बहन के त्यौहार के रूप में मनाया जाने लगा है। आइये एक दृष्टि डालते हैं इसके प्राचीन स्वरूप से लेकर ऐतिहासिक और वर्त्तमान स्वरूप पर। यह पर्व प्रतिवर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। श्रावण (सावन) में मनाये जाने के कारण इसे श्रावणी (सावनी) या सलूनो भी कहते हैं। रक्षाबन्धन में राखी या रक्षासूत्र का सबसे अधिक महत्त्व है। राखी कच्चे सूत जैसे सस्ती वस्तु से लेकर रंगीन कलावे, रेशमी धागे तथा सोने या चाँदी जैसी मँहगी वस्तु तक की हो सकती है। राखी सामान्यतः बहनें भाई को ही बाँधती हैं परन्तु ब्राह्मणों, गुरुओं और परिवार में छोटी लड़कियों द्वारा सम्मानित सम्बंधियों (जैसे पुत्री द्वारा पिता को) भी बाँधी जाती है। कभी-कभी सार्वजनिक रूप से किसी नेता या प्रतिष्ठित व्यक्ति को भी राखी बाँधी जाती है। सभी धार्मिक अनुष्ठानों में रक्षासूत्र बाँधते समय कर्मकाण्डी पण्डित या आचार्य संस्कृत में एक श्लोक का उच्चारण करते हैं, जिसमें रक्षाबन्धन का सम्बन्ध राजा बलि से स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है।

प्रातः स्नानादि से निवृत्त होकर लड़कियाँ और महिलाएँ पूजा की थाली सजाती हैं। थाली में राखी के साथ रोली या हल्दी, चावल, दीपक, मिठाई और कुछ पैसे भी होते हैं। लड़के और पुरुष तैयार होकर टीका करवाने के लिये पूजा या किसी उपयुक्त स्थान पर बैठते हैं। पहले अभीष्ट देवता की पूजा की जाती है, इसके बाद रोली या हल्दी से भाई का टीका करके चावल को टीके पर लगाया जाता है और सिर पर छिड़का जाता है, उसकी आरती उतारी जाती है, दाहिनी कलाई पर राखी बाँधी जाती है और पैसों से न्यौछावर करके उन्हें गरीबों में बाँट दिया जाता है। भारत के अनेक प्रान्तों में भाई के कान के ऊपर भोजली या भुजरियाँ लगाने की प्रथा भी है। भाई बहन को उपहार या धन देता है। इस प्रकार रक्षाबन्धन के अनुष्ठान को पूरा करने के बाद ही भोजन किया जाता है। प्रत्येक पर्व की तरह उपहारों और खाने-पीने के विशेष पकवानों का महत्त्व रक्षाबन्धन में भी होता है। आमतौर पर दोपहर का भोजन महत्त्वपूर्ण होता है और रक्षाबन्धन का अनुष्ठान पूरा होने तक बहनों द्वारा व्रत रखने की भी परम्परा है। पुरोहित तथा आचार्य सुबह-सुबह यजमानों के घर पहुँचकर उन्हें राखी बाँधते हैं और बदले में धन, वस्त्र और भोजन आदि प्राप्त करते हैं। यह पर्व भारतीय समाज में इतनी व्यापकता और गहराई से समाया हुआ है कि इसका सामाजिक महत्त्व तो है ही, धर्म, पुराण, इतिहास, साहित्य और फ़िल्में भी इससे अछूते नहीं हैं।

रक्षा सूत्र बंधन का त्योहार कब शुरू हुआ, इसकी कोई सटीक जानकारी नहीं मिलती लेकिन यह पर्व है अत्यंत प्राचीन, क्योंकि इसकी प्राचीनता के प्रमाण उपलब्ध हैं। भविष्य पुराण में वर्णन मिलता है कि देव और दानवों में जब युद्ध शुरू हुआ तब दानव हावी होते नज़र आने लगे। भगवान इन्द्र घबरा कर बृहस्पति के पास गये। वहां बैठी इन्द्र की पत्नी इंद्राणी सब सुन रही थी। उन्होंने रेशम का धागा मन्त्रों की शक्ति से पवित्र करके अपने पति के हाथ पर बाँध दिया। संयोग से वह श्रावण पूर्णिमा का दिन था। लोगों का विश्वास है कि इन्द्र इस लड़ाई में इसी धागे की मन्त्र शक्ति से ही विजयी हुए थे। उसी दिन से श्रावण पूर्णिमा के दिन यह धागा बाँधने की प्रथा चली आ रही है। यह धागा धन, शक्ति, हर्ष और विजय देने में पूरी तरह समर्थ माना जाता है। भविष्यपुराण के अनुसार इन्द्राणी द्वारा निर्मित रक्षासूत्र को देवगुरु बृहस्पति ने इन्द्र के हाथों बांधते हुए निम्नलिखित स्वस्तिवाचन किया।




## 19 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1990 ईराक द्वारा कुवैत पर अधिकार एवं वहाँ के अमीर का सऊदी अरब पलायन।

1999 चीन ने लम्बी दूरी (8000 किमी.) की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल का परीक्षण किया।

2001 पाकिस्तान से भारत से चीनी आयात को मंजूरी दी।

2003 संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने लाइबेरिया में संघर्ष विराम लागू करने के लिए सेना भेजने की अनुमति दी।

2004 अमेरिका की लिंडसे डेवनपोर्ट ने रूस की मिस्कीनी को हराकर सान डियागो टेनिस चैम्पियनशिप का महिला एकल ख़िताब जीत लिया। पराग्वे की राजधानी आसुनसियोन में एक सुपर बाज़ार में आग लगने से 300 लोग मरे।

2007 जाफना के दक्षिणी द्वीप कियुशु में सुबह आये भयानक तूफ़ान उगासी ने व्यापक पैमाने पर क्षति पहुँचायी।

2008 सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ने हांगकांग में अपनी पहली शाखा खोली। सुधीर कुमार चतुर्वेदी ने पावर ग्रिड कार्पोरेशन के नये अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में अपना कार्यभार संभाला।

2012 लंदन ओलम्पिक 2012 में भारत ने कुल 6 पदक जीते जिसमें 2 रजत और 4 कांस्य शामिल हैं। भारत इस प्रतियोगिता में 55वें नम्बर पर रहा। पदक तालिका में अमेरिका शीर्ष पर रहा जिसने 104 पदक जीते।

1861 प्रफुल्ल चंद्र राय - भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक, जिन्हें 'रसायन विज्ञान का जनक' माना जाता है।

# सियासत की दुनिया और सत्ता लोभी चिकित्सक

### विचार बिन्दु



तनवीर जाफ़री

**शायद तभी वे भी पेगासस जासूसी प्रकरण के शिकार लोगों में एक हैं। इसी पेगासस प्रकरण को लेकर जब बी बी सी ने उनसे बात की तो उनके अंदर का दर्द छलका।**

दरभंगा (बिहार)के डॉक्टर (प्रो) एस एम नवाब भारतीय चिकित्सा जगत की एक ऐसी बेमिसाल शख़्सियत का नाम है जिसने अपना पूरा जीवन अपने चिकत्सकीय पेशे के प्रति पूरी ज़िम्मेदारी व ईमानदारी से निभाया। जो भी डॉक्टर नवाब को जानता है उसका सिर आज भी उनका नाम आते ही सम्मान से झुक जाता है। मैं उन सौभाग्यशाली लोगों में हूँ जिसे उनके साथ अनेक बार बैठने व वार्तालाप करने का अवसर मिला। मेरे उनसे पारिवारिक रिश्ते थे लिहाज़ा वे अपने जीवन से जुड़ी तमाम बातें मुझसे सांझा किया करते थे। उनका मानना था कि इलाज का हक़प्रत्येक मानव को एक समान है चाहे वह ग़रीब हो या धनवान। उन्होंने अपना सारा जीवन लाखों अमीर व ग़रीब लोगों का इलाज विशेषकर शल्य चिकित्सा करने में गुज़ारा। जिसने जितने पैसे दिये ले लिये और जिसने नहीं दिये उससे कभी मांगे नहीं। जिस मरीज़ ने इलाज के अलावा दवाओं की भी मदद मांगी उसे वह भी मिली जिसने उनके नर्सिंग होम में बेड या कमरे का किराया देने में असमर्थता व्यक्त की उसे भी अपने दूसरे सभी सम्मानित मरीज़ों की ही तरह देखा। प्रथम राष्ट्रपति डाक्टर राजेंद्र प्रसाद के भी वे निजी डॉक्टर रहे। डॉक्टर नवाब को स्व इंदिरा गाँधी ने राज्य पाल बनाने व दरभंगा से लोकसभा चुनाव लड़ने जैसे प्रस्ताव कई बार भेजे परन्तु उन्होंने हमेशा इन्हें अस्वीकार कर दिया। वे मुझे अक्सर हँसते हुए सवाल करते कि गवर्नर हॉउस में भला मैं अपने मरीज़ों का ऑपरेशन कैसे करता? चुनावी राजनीति को अपने लिये वे यह कहते हुए ख़ारिज करते कि यदि मैं चुनाव लड़ूं तो मेरे विपक्षी /विरोधी मेरी पिछली पुश्तों का ऐसा बॉयोडाटा ढूंढ निकालेंगे और उसे सार्वजनिक करेंगे जो शायद मुझे भी नहीं पता। और चुनाव लड़ने के दौरान और बाद में भी मैं अपने मरीज़ों के अधिकारों के साथ न्याय नहीं कर सकूंगा। लिहाज़ा एक डॉक्टर की हैसियत से मुझे अपने पेशे के प्रति ही गंभीर व ईमानदार होना चाहिये। अपने मरीज़ों की उम्मीदों पर खरा उतरना ही चिकित्सकीय पेशे का पहला धर्म है। डॉक्टर नवाब एक उच्च कुलीन मुस्लिम घराने के सदस्य होने के बावजूद ग़ैर मुस्लिम समाज के लोगों में और अधिक लोकप्रिय थे क्योंकि उनकी नज़रों में हर मरीज़ एक समान था। इसी तरह देश का एक और जाना पहचाना व सम्मानजनक नाम डॉक्टर लक्ष्मी सहगल का भी है। आज़ाद हिन्द फ़ौज की प्रथम महिला कमाण्डर व अंग्रेज़ों के विरुद्ध संघर्ष करने वाली डॉक्टर सहगल देश की ऐसी महिला थीं जिन्होंने अपने जीवन के अंतिम क्षणों तक अपने चिकत्सकीय पेशे को निभाया। उन्होंने कानपूर में अपना चिकित्सालय चलाया जहां ग़रीब अमीर व धर्म जाति का भेद किये बिना मरीज़ों की निःशुल्क सेवा की जाती थी। आज तथाकथित स्वयंभू राष्ट्रवादी लोग कम्युनिस्टों को राष्ट्रविरोधी बताते हैं परन्तु डॉक्टर लक्ष्मी सहगल जैसे तमाम लोगों ने यह साबित किया है कि ग़रीब अमीर व धर्म जाति के बीच भेदभाव न करने वाले कम्युनिस्ट ही सही मायने में देशभक्त भी हैं और मानवीय मूल्यों को सम्मान देने वाले भी।

नेताजी सुभाष चंद बोस के विश्वासपात्र व आज़ाद हिन्द फ़ौज के कर्नल प्रेम कुमार सहगल से विवाह करने वाली डॉक्टर लक्ष्मी सहगल ने ज़रूरत पड़ने पर प्रथम पंक्ति के स्वतंत्रता सेनानी हैसियत से अंग्रेज़ों के विरुद्ध संघर्ष भी किया और पार्टी के कहने पर डाक्टर ए पी जे अब्दुलकलाम के विरुद्ध राष्ट्रपति पद का चुनाव भी लड़ा परन्तु अपने चिकित्सकीय पेशे से कभी मुंह नहीं मोड़ा। इसी तरह आजकल डॉक्टर कफ़ील ख़ान 'डॉक्टर्स ऑन रोड' नामक राष्ट्रव्यापी मिशन चलाकर पूर्वी उत्तर प्रदेश,बिहार व बंगाल के उन सुदूर क्षेत्रों में अपनी बड़ी समर्पित टीम के साथ मरीज़ों की सेवा में लगे हैं जहाँ डॉक्टर्स तो क्या आम आदमी का भी पहुंचना मुश्किल है। परन्तु वे मुफ़्त इलाज,दवा और ज़रूरतमंदों को राशन भी बांटते फिर रहे हैं। परन्तु इन सबके विपरीत पिछले दिनों डॉक्टर प्रवीण तोगड़िया का बी बी सी गुजराती सेवा से प्रसारित एक साक्षात्कार सुनने का मौक़ा मिला। स्वयं को कैंसर सर्जन बताने वाले डॉक्टर तोगड़िया को पूरा देश जानता तो ज़रूर है परन्तु एक सफल कैंसर विशेषज्ञ चिकित्सक के रूप में नहीं बल्कि विश्व हिन्दू परिषद् के एक फ़ायर ब्रांड वक्ता के रूप में। इसमें कोई शक नहीं कि आज भारतीय जनता पार्टी जिस धर्म आधारित ध्रुवीकरण के बल पर पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में है उसमें विश्व हिन्दू परिषद् के अंतर्राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में डॉक्टर तोगड़िया के ज़हरीले व समाज को बाँटने वाले भाषणों का बहुत बड़ा योगदान है। यह अजब इत्तेफ़ाक़है कि गुजराती व संघ परिवार के होने के बावजूद आज वे भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आँखों में खटकने वाले नेताओं की सूची में सर्वोपरि हैं।

# कम हो तनाव तो केश रहे लाजवाब


**चिंता चिता के समान होता है, जितनी जल्दी जला दें अच्छा है। यहां तो चिंताओं के बीच ही लोग जीवन-यापन के तौर-तरीके सीखते हैं। किसी की जेब में पैसे नहीं है तो किसी को नौकरी की चिंता सता रही है। इसी चिंता की चिता में नौजवानों के बाल जल रहे हैं। केशों का टूटना या यों कहें कि गंजापन की अंधी दौर चल पड़ी है। जिसमें बहुत कम ही लोग सुरक्षित हैं। ऐसे में भी डॉक्टर मानते हैं कि बाल गिरना एक चिकित्सकीय बीमारी है, जिसका निदान संभव है। हेयर ट्रांसप्लांट व त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमित शर्मा कहते हैं कि बाल कम होने के अनेकों कारण है। पैसों की कमी के बीच भी जीवन तनाव मुक्त जीया जा सकता है। खानपान का भी केश पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है। डॉक्टर मानते हैं कि शुरू से ही कुछ चीजों का खयाल रखें तो गंजेपन की समस्या से बचा जा सकता है। बाल गिरने की रोकथाम करने और उपचार के लिए एक कारगर व सुरक्षित विकल्प के लिए डॉक्टर की सला ले सकते हैं।**

### रुसी या सिकरी है झड़ने का मूल कारण

सर की त्वचा में कुपोषण या रूखेपन के कारण जड़ों की त्वचा सूख कर झड़ने लगती है। जिसे सामान्य भाषा में रुसी या सिकरी कहा जाता है। रुसी होने पर बाल झाड़ने शुरू हो सकते हैं।


### सिर को साफ रखें

फंगल संक्रमणों से बचने के लिए अपने सिर को साफ रखें। अपने बालों को नियमित रूप से धोने, गंदगी को साफ करने और ज्यादा तेल की वजह से सिर की त्वचा के बंद हो जाने वाले छिद्रों को खोलने के लिए किसी हल्के शैम्पू का इस्तेमाल करें। आप अपने बालों को मुलायम बनाने और उलझने से रोकने के लिए किसी सौम्य कंडीशनर का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। सौम्य और प्राकृतिक हेयरस्टाइल तकनीकों का चुनाव करें।



### रुसी या सिकरी का उपचार

**बाल धोने के आधा घटे पूर्व एक-दो नीबू काटकर बालों में मल लें तथा हल्के गरम पानी से सर धो लें। इससे रुसी का सफाया हो जाता है। दो किलो पानी में नींबू रस निचोड़कर एक सप्ताह तक प्रतिदिन अच्छी प्रकार से केश धोएं। नारियल के तेल में तेल से आधा कपूर, नीबू का रस मिलाकर जड़ों में हलकी मालिश करें और रोज मोटे दात वाले कंघे से हल्के हाथों से मालिश करें। बालों को साबुन से न धोकर रीठा से धोएं।**



### बाल कम होने के कारण



चिंता, लंबी बीमारी या शैल्यक्रिया के कारण तनाव होना। प्रोटीन, आयरन, जिंक या बायोटिन जैसे आवश्यक पोषक पदार्थो की कमी होना। लिहाजा पोषक तत्वों से भरे खाद्य पदार्थो को तरजीह दें। यौन हार्मोनों के स्तर में अचानक बदलाव आना, मसलन महिलाओं में डिलीवरी के बाद। सिर में फंगल संक्रमण होना। हेयरड्रेसिंग (केश सज्जा) तकनीकों का इस्तेमाल करना, जैसे – कसकर गूंथना, मोड़ना या बालों को अत्यधिक तापमान में रखना। ब्लीचिंग, कलरिंग और परमिंग, जैसे – प्रबल रसायनों के इस्तेमाल से बालों का उपचार करना। ये बालों की जड़ों को कमजोर करते हैं और इसके कारण बाल टूटते और झड़ते हैं। एंटीबायोटिक्स, बीटा ब्लॉकर्स और कॉर्टीसोंस जैसी औषधियां लेना। कीमोथेरेपी बालों की कोशिकाओं को नष्ट कर सकती है।

### बालों का खयाल रखने के नुस्खे

हेलमेट, कंघियों, हेयरब्रशों और टोपियों को दूसरे लोगों के साथ साझा न करें। बाल गीले हों तो इन पर ब्रश या कंघी न करें। या बहुत कसकर ब्रश नहीं करें। चिंता, अवसाद और अत्यधिक उलेजना पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्यवर्द्धक और संतुलित आहार लें। हरी सब्जियां, नारियल, सोया, मछली, अंडे, लीवर और बादाम तथा अखरोट जैसी गिरियां आपके बालों को अच्छा पोषण प्रदान कर सकती है।

## हैप्पी रहने के 9 मंत्र

- जिस जगह या स्थान में जाने पर आपके मन को सुकून मिलता हो, ऐसी जगह पर बार-बार जाएं।
- एक कहावत है कि किसी को नाराज करने में एक मिनट का भी समय नहीं लगता, लेकिन किसी को हंसाने में कई घंटे बीत जाते हैं। इसलिए दूसरों को हंसने का अवसर अवश्य प्रदान करें।
- सकारात्मक सोच से कठिन से कठिन दिखाई देने वाले काम आसानी से संपन्न हो जाते हैं। यदि आप अपने मन में सकारात्मक भाव जाग्रत करेंगी तो आपका हर काम आसानी से पूरा हो जाएगा।
- अपनी छोटी-बड़ी हर उपलब्धि का जश्न मनाएं। कभी भी इस इंतजार में छोटी उपलब्धि को दरकिनार न करें कि जब बड़ी उपलब्धि हासिल होगी तो जश्न मनाएंगी।
- तन की सुंदरता के बजाय मन की सुंदरता को महत्व दें। तन की सुंदरता तो कुछ वर्षो की मेहमान है, जबकि मन की सुंदरता तो हमेशा साथ रहेगी।
- अपने आसपास के लोगों पर विश्वास करें। यदि आप हरेक को शंकालु दृष्टि से देखेंगी तो जिंदगी का आनंद उठाने से वंचित रह जाएंगी।
- कौन कैसा है इस बात पर ज्यादा दिमाग न लगाएं। इसके बजाय इस बात पर ध्यान केंद्रित करें कि आप अपने को और अच्छा कैसे बना सकती हैं।
- जो बात दिल में हो उसे कहने में संकोच न करें। कई बार हम अपने दिल की बात जुबां पर नहीं ला पाते और हमें बाद में पछताना पड़ता है।
- बिस्तर पर जाने से पहले सारी चिंताओं को अलग कर दें और बेफ्रिक होकर लेटें।

# त्वचा कहे नो चिपचिप

**तैलीय और चिपचिपी त्वचा चेहरे के आकर्षण को कम कर देती है, लेकिन ऐसी त्वचा की अगर सही देखभाल की जाए तो वह निखर उठेगी। इसके लिए आप यहां दिए कुदरती उपायों को अपनाएं। त्वचा का तैलीय होना सिबेशियस ग्लैंड्स के अत्यधिक सक्रिय होने का नतीजा होता है। त्वचा की कोमलता बरकरार रखने के लिए प्राकृतिक तेल जरूरी है, पर जब तैलीय ग्रंथियां अधिक तेल का सिक्रीशन करती हैं तो एक्ने और मुंहासों की समस्या शुरू हो जाती है। ऐसे में धूल-मिट्टी और प्रदूषण के कारण त्वचा के छिद्र भी बंद हो जाते हैं। अगर आप भी तैलीय त्वचा से परेशान हैं तो यहां दिए गए कुदरती उपायों को अपनाएं और पाएं साफ-सुथरी व निखरी त्वचा।**

## 6 टिप्स हैल्दी त्वचा के लिए

- सेब को छीलकर पेस्ट बना लें। इसे चेहरे व गर्दन पर लगाएं। 20 मिनट बाद हलके गुनगुने पानी से चेहरा साफ कर लें। सेब एएचए का बेहतरीन स्रोत होता है, जो त्वचा को टोन करता है। उसे मुलायम और कांतिमय बनाता है।
- एक टी स्पून चंदन पाउडर में गुलाबजल मिलाकर पेस्ट बनाएं। फिर उसे चेहरे पर लगाएं। सूखने पर पानी से धो लें। इससे त्वचा के दाग-धब्बे और एक्ने भी दूर होंगे।
- 1 टी स्पून बेसन में चुटकी भर हल्दी पाउडर, आधा नीबू का रस मिलाकर पेस्ट बनाएं। अगर आपको नीबू सूट नहीं करता है तो उसकी जगह पर दही मिला सकती हैं। आंखों के आसपास का हिस्सा छोड़कर लगाएं। सूखने पर हलके हाथों से मलते हुए छुड़ाएं। यह त्वचा का कालापन दूर करता है। हल्दी त्वचा की चमक बरकरार रखती है।
- तैलीय त्वचा को भी मॉयस्चराइजर की जरूरत होती है और इसके लिए आप शहद का इस्तेमाल कर सकती हैं। शहद एक बेहतरीन कुदरती मॉयस्चराइजर होता है। इसे चेहरे पर 15 मिनट लगाएं। फिर धो लें। यह त्वचा की जलन, मुंहासे और कालेपन को दूर करता है। साथ ही उसे कांतिमय और लचीली बनाता है।
- 1 टेबल स्पून चावल के आटे में 1 टेबल स्पून कॉर्नफ्लोर और नीबू के रस की कुछ बूंदें मिलाकर चेहरे पर लगाएं। फिर भीतर से बाहर की तरफगोलाई में हाथ घुमाते हुए कुछ देर मसाज करें। चावल का आटा डेड सेल्स हटाता है। त्वचा के छिद्र भी खोलता है, ताकि साफऑक्सीजन त्वचा के भीतर जा सके।
- 1 टेबल स्पून मुलतानी मिट्टी में अंडे की सफेदी, 1 टेबल स्पून ओट्स पाउडर, 1 टेबल स्पून कॉर्नफ्लोर और गुलाबजल मिलाकर गाढ़ा पेस्ट तैयार करें। इसे चेहरे व गर्दन पर लगाएं। 20 मिनट बाद चेहरा साफ कर लें।

### खीरे से बना फेस पैक फायदेमंद



यदि आपकी त्वचा तैलीय है तो खीरे का फेस पैक आपके लिए बहुत अच्छा एक अच्छा फेस पैक है। खीरे का फेस पैक बनाने के लिए एक खीरे में एक अंडे की सफेदी, 1 चम्मच नींबू का रस और पुदीने की 5-6 पत्तियों को मिलाकर पीस लें। अब इसे 10 मिनट के लिए फ्रिज में रख दें। उसके बाद इस पैक को चेहरे पर लगाएँ और कुछ देर बाद चेहरा ठंडे पानी से धो लें।

# चंदन एक फायदे अनेक



कीलमुंहासों के ठीक होने के बाद चेहरे पर किसी प्रकार के दागधब्बों को भी चंदन के लेप से साफ़ किया जा सकता है। चंदन का लेप केवल कीलमुंहासों को, ठीक नहीं करता बल्कि त्वचा को साफ़ कर नमी भी प्रदान करता है। 1 चम्मच चंदन पाउडर में आधा चम्मच पाउडर मिला कर पेस्ट बना कर चेहरे पर 20 मिनट लगाए रखने से केवल कीलमुंहासे कम नहीं हो, आप का चेहरा भी खिलाखिला प्रतीत होता है। बराबर मात्रा में चंदन पाउडर हलदी पाउडर मिला कर थोड़े दूध के साथ पेस्ट बनाएं, इस में चुटकी भर कपूर भी मिलाएं। इस लेप की चेहरे पर मालिश कर रात भर लगा रहने दें। इस से आप को ठंडक के एहसास के साथसाथ चेहरे के दागधब्बे दूर होने का फायदा भी मिलेगा।


### साइड इफैक्ट नहीं

चंदन का प्रयोग प्राचीन काल से चला आ रहा है। खासकर आयुर्वेद में चंदन का प्रयोग खूब किया गया है। किसी प्रकार का घाव, फोड़ेफुंसी, कटनाछिलना आदिसभी पर चंदन के लेप से आराम मिलता है। यह एक कीमती पेड़ है, जो दक्षिण भारत में ज्यादातर पाया जाता है। चंदन का उबटन शादी से पहले नववधू लगाती है ताकि उस के चेहरे और काया की चमक बनी रहे। यह एक प्राकृतिक पदार्थ है, इसलिए इस के नियमित प्रयोग से किसी प्रकार का साइड इफेक्ट नहीं होता।

### इस की खूबियाँ

चंदन में कीटाणुनाशक विशेषता होने की वजह से यह हर्बल एंटीसेप्टिक है, इसलिए किसी भी प्रकार के छोटे घाव और खरोंच को ठीक करता है। यह जलने से हुए घाव को भी ठीक कर सकता है।

शरीर के किसी भाग पर खुजली होने पर चंदन पाउडर में हल्दी और एक चम्मच नीबू का रस मिला कर लगाने से खुजली तो दूर होगी ही, साथ में त्वचा की लालिमा भी कम होगी। चंदन का तेल सूखी त्वचा के लिए गुणकारी होता है। यह सूखी त्वचा को नमी प्रदान करता है।



# मुल्तानी मिट्टी जरूर इस्तेमाल करें



अगर आप महंगे-महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट, शैम्पू, ऑलिव ऑयल का इस्तेमाल करते हुए थक चुकी हैं, फिर भी आपको कोई फ़ायदा नहीं हुआ है तो एक बार मुल्तानी मिट्टी ज़रूर इस्तेमाल करके देखें। जानी-मानी सौन्दर्य विशेषज्ञ भारती तनेजा का कहना है कि मुल्तानी मिट्टी सौन्दर्य का ख़ज़ाना है। ये नेचुरल कंडीशनर भी है और ब्लीच भी। ये सौन्दर्य निखारने का सबसे सस्ता और आयुर्वेदिक नुस्खा है। साथ-ही मुल्तानी मिट्टी सभी फेस पैक का बेस होती है। चेहरे पर मुल्तानी मिट्टी का लेप लगाने से रंगत निखरती है और बालों में लगाने से वे घने, मुलायम और काले हो जाते हैं। मुहांसों की समस्या से परेशान लोगों के लिए तो मुल्तानी मिट्टी सबसे कारगर इलाज है, क्योंकि मुल्तानी मिट्टी चेहरे का तेल सोख लेती है, जिससे मुहांसे सूख जाते हैं। तैलीय त्वचा के लिए मुल्तानी मिट्टी में दही और पुदीने की पत्तियों का पाउडर मिला कर उसे आधे घंटे तक रखा रहने दें, फिर अच्छे से मिला कर चेहरे और गर्दन पर लगाएं। सूखने पर हल्के गर्म पानी से धो दें। ये तैलीय त्वचा को चिकनाई रहित रखने का कारगर नुस्खा है। एक चम्मच मुल्तानी मिट्टी पाउडर में एक अंडे का सफेद भाग और पुदीने की पत्तियों को पीसकर पेस्ट बना लें। ये पैक हफ्ते में तीन बार लगाएं।

# पथरी से सावधान




पेशाब की पथरी पेशाब में उपस्थित लवणों व खनिजों के जमाव से बनते हैं। ये आमतौर पर मध्य आयु यानि की चालीस साल या उसके बाद पता लगने शुरू होते है। जब लवणों और खनिजों की परतें विभिन्न जगहों पर जमा होती जाती हैं तो इन पत्थरों का आकार बढ़ता जाता है। ये पत्थर आमतौर पर कैल्शियम के फास्फेट और ऑक्जेलेट होते हैं। ये सभी लवण और खनिज खाने की चीजो व पानी से शरीर में आए होते है। कुछ सब्ज़ियाँ जैसे पालक, अरबी के पत्ते और टमाटरों में बहुत अधिक लवण होते हैं। जमीनी पानी में भी काफी सारे लवण होते हैं। कुएँ या बोरवेल का पानी यह भी पथरी बनने का कारण होता है। ये लवण धीरे-धीरे करके शरीर में जमा हो जाते हैं और पत्थर बना लेते हैं। पेशाब के पत्थर आकृति और आकार में अलग-अलग होते हैं। आमतौर पर ये उसी जगह का आकार ले लेते हैं जिसमें ये बनते हैं। इसलिए मूत्रवाहिनी के पत्थर लम्बे होते हैं और मूत्राशय में बने पत्थर गोल होते हैं। गुर्दे में बने पत्थर या तो कीप के आकार के होते हैं या अनियमित आकार के जैसे कि हिरण के सींग। फोस्फेट और कॉर्बोनेट के पत्थरों की सतह मुलायम होती है और ऑक्सेलेट के पत्थरों की खुरदुरी। इस कारण से ऑक्सेलेट के पत्थरों के कारण खून भी निकल सकता है। कुपोषित बच्चों के मूत्राशय में कभी कभी बड़े-बड़े पत्थर बन जाते हैं। ये कुपोषण के कारण शरीर के प्रोटीन के टूट जाने के कारण बनते है। जिसमें पेशाब में फालतू पदार्थे का जमाव हो जाता है। ये कण लवणों के और जमाव के लिए केन्द्रक के रूप में काम करते हैं। पत्थर नींबू समान बड़े भी हो सकते हैं।

### गुर्दे की कीप में पत्थर

गुर्दे की कीप में पत्थर कई सालों तक महसूस हुए बिना शरीर में पड़े रह सकते हैं। अक्सर उस व्यक्ति को पता लगने से कही पहले गुर्दे खराब हो चुके होते हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि यह बीमारी काफी धीमी होती है और एक गुर्दे के खराब होने पर दूसरा उसका काम चला लेता है। कुछ मामलों में थोड़ी सी बेआरामी हो सकती है। यह गुर्दे के क्षेत्र तक ही सीमित होती है। और यह हल्का दर्द पीठ के तरफ ज़्यादा महसूस होता है। कभी-कभी कीप के क्षेत्र में पेशाब के इकट्ठे हो जाने के कारण गुर्दे सूज भी जाते हैं। कभी-कभी ऐसा बड़ा गुर्दा एक गांठ जैसे की हाथ से ही महसूस हो जाता है। कभी-कभी यह समस्या गुर्दे में संक्रमण के रूप में सामने आती है। कभी-कभी गुर्दे की पेशियाँ पत्थर को कीप से नीचे मूत्रवाहिनी की और धकेलती है। ऐसे में एक खास तरह का तेज पेट दर्द नीचे की ओर जाता हुए महसूस होता है। यह दर्द लहरों के रूप में उठता है।

### दर्द

मूत्रवाहिनी शूल (दर्द) एक खास तरह का दर्द है जो इस तरह की पथरी से होता है। दर्द पेट में मूत्रतंत्र तक सीमित होता है। यह पेट की मध्यरेषा के दायें या बाएँ ओर होता है। रोगी दर्द से कराहता है। वो या तो उस क्षेत्र को दबाकर या फिर एक तरफ को लेटकर दर्द को दबाने की कोशिश करता है। दर्द मूत्रमार्ग की ओर बढ़ता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि मूत्रनलिका और मूत्रवाहिनी की तंत्रिकाओं की जुड़ी समान होती हैं।

### मूत्राशय में पथरी

पेशाब करना थोडा मुश्किल होता है। ये पत्थर मुख्यतः मूत्रवाहिनी से आते है। कभी-कभी सीधे मूत्राशय में भी पत्थर बन सकता है। कुपोषित बच्चों में ऐसा होता है। इसके लक्षणों में मुख्यतः मूत्राशय शोथ या पेशाब अटकना शामिल है। मूत्राशय शोथ में खास तरह की जलन, और ऐठन वाला दर्द, बुखार, पेशाब में गन्दलापन और बार-बार पेशाब करने की इच्छा होती है। मूत्राशय में हुए पत्थरों से कुछ रोगियों के पेशाब में रक्त स्त्राव दिखाई देता है। मूत्राशय के पत्थरों के कारण पेशाब रूकने की एक खास विशेषता है रोगी की स्थिति से इसका सम्बन्ध। जब रोगी खड़ा होता है या पेशाब करने के लिए बैठा होता है उस समय ये पत्थर मूत्राशय के निकास मुँह पर गेंद की तरह पड़ा रहता है रोगी जितना ज़्यादा जोर लगाता है उतना ही ज़्यादा रोक लगती है। परन्तु अगर रोगी लेटे लेटे पीठ के बल या करवट से पेशाब करने की कोशिश करे तो पत्थर मूत्राशय के निकास मुँह से लुढ़क जाता है। इससे पेशाब बाहर निकल सकती है। कभी-कभी छोटे पत्थर या कंकड़ बड़े पत्थरों के छोटे-छोटे टुकड़े मूत्रमार्ग में से निकल जाते हैं।

# दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज से जीती लगातार 10वीं टेस्ट श्रृंखला

एजेंसी ▶▶ प्रोविडेंस

केशव महाराज की शानदार गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन ही 40 रन से हराकर दो टेस्ट मैच की श्रृंखला 1-0 से जीती। दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज के सामने 263 रन का लक्ष्य रखा था लेकिन उसकी टीम 222 रन पर आउट हो गई। यह लगातार 10वां अवसर है जबकि दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज से टेस्ट श्रृंखला जीती।

### महाराज सबसे सफल स्पिनर

*पहली पारी में दो विकेट लेने वाले महाराज ने दूसरी पारी में 37 रन देकर तीन विकेट लिए। तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने 50 रन देकर तीन विकेट लिए। वेस्टइंडीज की तरफ से नौवें नंबर के बल्लेबाज गुडाकेश मोती ने सर्वाधिक 45 रन बनाए। महाराज ने टेस्ट क्रिकेट में अपने कुल विकेटों की संख्या 171 पर पहुंचा दी है और इस तरह से वह दक्षिण अफ्रीका के सबसे सफल स्पिनर बन गए हैं। उन्होंने ह्यू टेफील्ड को पीछे छोड़ा। महाराज ने वेस्टइंडीज के खिलाफ वर्तमान श्रृंखला में 13 विकेट लिए।*



### दूसरी पारी का हाल

दक्षिण अफ्रीका ने पांच विकेट पर 223 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई लेकिन उसकी पूरी टीम 246 रन पर आउट हो गई। वेस्टइंडीज के सामने 263 रन का लक्ष्य था लेकिन उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज नहीं चल पाए। मोती और जोशुआ डा सिल्वा (27) ने 77 रन की साझेदारी करके उम्मीद जगाई लेकिन महाराज ने इन दोनों को आउट करके दक्षिण अफ्रीका की जीत सुनिश्चित की।

**40 रन से हराकर दो टेस्ट मैच की श्रृंखला 1-0 से जीता**

### पहली पारी में बने थे कुल 304 रन

दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 160 रन बनाए थे। इसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 144 रन पर आउट हो गई थी। इन दोनों टीम के बीच बारिश से प्रभावित रहा पहला टेस्ट मैच ड्रॉ रहा था। अब इन दोनों टीम के बीच तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला खेली जाएगी।

## खबर संक्षेप



### इंग्लैंड की मेजबानी करेगा ऑस्ट्रेलिया

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया 2027 में टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होने के अवसर पर मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में एकमात्र टेस्ट मैच के लिए इंग्लैंड की मेजबानी करेगा। पहला टेस्ट मैच मार्च 1877 को ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एमसीजी में खेला गया था। ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच 45 रन से जीता था। इन दोनों टीमों के बीच 1977 में टेस्ट क्रिकेट के 100 साल पूरे होने पर भी मैच खेला गया था जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने इसी अंतर से जीत हासिल की थी।

### लाहिड़ी संयुक्त 49वें स्थान पर खिसके

**व्हाइट सल्फर स्प्रिंग्स।** भारत के अनिर्बान लाहिड़ी यहां लिव गोल्फ ग्रीनबियर टूर्नामेंट में दूसरे दौर में शनिवार को एक ओवर 71 का निराशाजनक कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 49वें स्थान पर खिसक गए।



लाहिड़ी 54 खिलाड़ियों की इस प्रतियोगिता में शुरुआती दौर के बाद संयुक्त रूप से 38वें स्थान पर थे। ओल्ड व्हाइट कोर्स में आसान परिस्थितियों के बावजूद वह दूसरे दौर में एक बर्डी के मुकाबले दो बोगी कर बैठे। जॉन रहम दूसरे दौर में आठ अंडर 62 के स्कोर के बाद तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए। उनका कुल स्कोर 14 अंडर का है और उनके पास दो शॉट की बढ़त है।

### कमिंस ने लिया आठ सप्ताह का ब्रेक

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने इस साल के आखिर में भारत के खिलाफ प्रतिष्ठित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए होने वाली पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला को ध्यान में रखते हुए आठ सप्ताह का ब्रेक लिया है।



कमिंस अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट में भाग लेने के बाद हाल में ऑस्ट्रेलिया लौटे हैं। ऑस्ट्रेलिया में गर्मियों के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए उन्होंने खुद को तरोताजा रखने के लिए विश्राम करने का फैसला किया है। इस कारण उन्हें इंग्लैंड के सीमित ओवरों के दौरे के लिए टीम में नहीं चुना गया है।

### आर एंड ए गर्ल्स के अंतिम-4 में हारी मन्नत

**एलवुडले।** आर एंड ए गर्ल्स एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय मन्नत बरार को अंतिम चार के मुकाबले में पोलैंड की मैटिल्डा क्रॉजिनस्का के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा।



भारतीय गोल्फ यूनियन की मेरिट सूची में शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी मन्नत इस टूर्नामेंट में अंतिम चार में जगह बनाने वाली देश की पहली गोल्फर हैं। टूर्नामेंट में 144 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

## सिनसिनाटी ओपन : इगा लगातार 15वें मैच में अजेय

# स्वियाटेक और सिनर ने अंतिम-4 में बनाई जगह



**मेसन।** महिला एवं पुरुष वर्ग में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी क्रमशः इगा स्वियाटेक और यानिक सिनर ने कड़ी मशक्कत करने के बाद सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। स्वियाटेक ने 17 वर्षीय मीरा एंड्रीवा पर 6-4, 3-6, 7-5 से जीत के साथ अपना विजय अभियान 15 मैच तक पहुंचाया।

उनका अगला मुकाबला आर्यना सबालेंका से होगा, जिन्होंने लुडमिला सैमसोनोवा को 6-3, 6-2 से हराया। सिनर ने आंद्रे रुबलेव को 4-6, 7-5, 6-4 से हरा कर पिछले सप्ताह मोंट्रियल के क्वार्टर फाइनल में मिली हार का बदला चुकता किया। वह ओपन युग में इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले इटली के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। सिनर का अगला मुकाबला अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। पूर्व चैंपियन ज्वेरेव ने बेन शेल्टन को 3-6, 7-6, 7-5 से हराया। ज्वेरेव ने सिनर के खिलाफ लगातार चार जीत हासिल की हैं। फ्रांसिस टियाफो ने ह्यूबर्ट हर्काज़ के पिंडली की चोट के कारण दूसरे सेट से हट जाने के बाद लगातार दूसरे वर्ष सेमीफ़ाइनल में जगह बनाई। महिला वर्ग के अन्य मैचों में जेसिका पेगुला ने लेयला फर्नांडीज को 6-2, 6-7, 7-6 से हराया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला पाउला बडोसा से होगा। बडोसा ने अनास्तासिया पावलुचेनकोवा को 6-3, 6-2 से हराया।

### पंत का जेटली स्टेडियम में किया गया स्वागत

**नई दिल्ली।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत का दिल्ली प्रीमियर लीग के दौरान अरुण जेटली स्टेडियम में भव्य स्वागत किया गया।



पंत इस लीग में हिस्सा ले रहे हैं और पुरानी दिल्ली 6 टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। पहले मैच में उनकी टीम का सामना आयुष बडोनी की कप्तानी वाली साउथ दिल्ली सुपर स्टार से हुआ। आयोजकों ने पंत का स्टेडियम पर शानदार स्वागत किया और इस दौरान दर्शकों ने इस भारतीय खिलाड़ी का हौसला बढ़ाया। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रोहन जेटली और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने टी20 विश्व कप की खिताबी जीत में शामिल होने के कारण पंत का सम्मान किया।

### पाकिस्तान रावलपिंडी में खेलेगा दूसरा टेस्ट

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को नेशनल स्टेडियम में चल रहे नवीनीकरण कार्य के कारण बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट को कराची से रावलपिंडी में स्थानांतरित करने का फैसला किया। यह निर्णय बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से बातचीत के बाद लिया गया है। पहला टेस्ट 21 अगस्त से रावलपिंडी में खेला जाना है। पीसीबी ने पहले कहा था कि दूसरे टेस्ट मैच (30 अगस्त से तीन सितंबर) को कराची में खाली स्टेडियम में खेला जाएगा। पाकिस्तान अगले साल आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा और इसी के मद्देनजर कराची स्थित नेशनल स्टेडियम का नवीनीकरण किया जा रहा है।

# भारत 'ए' ने ऑस्ट्रेलिया 'ए' को हराया, प्रिया ने झटके 5 विकेट



एजेंसी ▶▶ मैकाय

युवा लेग स्पिनर प्रिया मिश्रा के पांच विकेट के अलावा तेजल हसबनिस और राघवी बिष्ट के अर्धशतक से भारत 'ए' ने रविवार को यहां तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच में ऑस्ट्रेलिया ए को 171 रन से रौंद दिया।

ब्रिसबेन में तीन टी20 और यहां पहले दो एकदिवसीय मुकाबले गंवाकर लगातार पांच शिकस्त झेलने के बाद भारत 'ए' ने अंततः दौरे पर जीत का स्वाद चखा। तेजल की 66 गेंद में 50 और राघवी की 64 गेंद में 53 रन की पारी की बदौलत भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 243 रन बनाए। दिल्ली की 20 साल की प्रिया ने इसके बाद 14 रन देकर पांच विकेट चटकाते हुए



ऑस्ट्रेलिया 'ए' को सिर्फ 72 रन पर ढेर करके मेहमान टीम को दौरे की पहली जीत दिलाई। कप्तानी मीनू मनि ने भी चार रन देकर दो विकेट हासिल किए।

### प्रिया ने शीर्षक्रम को झकझोरा

दौरे का अपना पहला मैच खेल रही प्रिया ने सलामी बल्लेबाज मैडी डार्क (22) और शीर्ष क्रम की बल्लेबाज टीस फ्लिंटॉस (20) को पवेलियन भेजा जिससे मेजबान टीम ने 15वें ओवर में 52 रन तक चार विकेट गंवा दिए। प्रिया ने इसके बाद निकोल फैल्टम (02), केट पीटरसन (01) और निकोला हैनकॉक (00) को आउट करके मेजबान टीम को 22.1 ओवर में समेटने में अहम भूमिका निभाई।

# ईपीएल : आर्सेनल का जीत के साथ आगाज, वॉल्व्स को 2-0 से हराया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आर्सेनल ने शनिवार को वॉल्व्स पर 2-0 से जीत के साथ अपने ईपीएल अभियान की शानदार शुरुआत की। साका ने एक गोल किया और काई हैवर्टज को ओपनर के लिए तैयार किया, जिससे गनर्स ने पहले सप्ताहांत में बढ़त हासिल कर ली। दूसरे हाफ में वॉल्व्स ने शुरुआत में हाथ-पांव मारे लेकिन गैरी ओ'नील की सेना वापसी करने से चूक गई।

14वें मिनट में बुकायो साका ने जोस सा को बचाव के लिए मजबूर किया और इसके बाद बेन व्हाइट ने काफी दूर से शॉट मारा। साका ने 19वें मिनट में एक बार फिर साका को चुनौती दी।



आर्सेनल के पास 44वें मिनट में 2-0 का स्कोर बनाने का मौका था, जब मार्टिनेली का शॉट ऊपर चला गया। दूसरे हाफ में वॉल्व्स ने अपनी हीट बढ़ा दी क्योंकि मेजबान टीम निश्चित रूप से बैकफुट पर थी। हालांकि, साका ने 74वें मिनट में शानदार स्ट्राइक करके गेम को वॉल्व्स के पक्ष में कर दिया।

### जायसवाल से निपटने हार्टले से मांगे टिप्स

**सिडनी।** दिग्गज ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला की तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने उभरते हुए स्टार बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल से निपटने के लिए इंग्लैंड के स्पिनर टॉम हार्टले से सलाह ली है। पिछले साल वेस्टइंडीज में पदार्पण पर शतक बनाने वाले जायसवाल ने इस साल की शुरुआत में घरेलू मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में 712 रन बनाए थे।

# बुची बाबू टूर्नामेंट : किशन ने दो छक्के लगा टीम को दिलाई जीत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईशान किशन इस समय बुची बाबू टूर्नामेंट में अपने राज्य झारखंड की कप्तानी कर रहे हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपनी शानदार बैटिंग से टीम को जीत दिला दी। झारखंड का सामना मध्य प्रदेश से था।

इस मैच में ईशान ने शानदार शतक जमाया और टीम की जीत का कारण बने। आखिरी समय पर जब मैच फंसा तो ईशान की तूफानी बल्लेबाजी टीम के काम आ गई। बुची बाबू टूर्नामेंट से ईशान



ने वापसी की है। झारखंड ने मध्य प्रदेश के खिलाफ पहली पारी में बढ़त ले ली थी और उसे दूसरी पारी में 175 रनों का टारगेट मिला था। झारखंड ने चौथे दिन की शुरुआत एक विकेट के नुकसान पर 37 रनों के साथ की। ईशान ने टारगेट के आधे से ज्यादा रन बनाए। दूसरे छोर से लगातार विकेट गिर रहे थे। झारखंड को आखिरी समय में जीत के लिए 12 रन चाहिए थे और उसके दो ही विकेट बचे थे। ईशान के सामने थे आकाश राजावत। राजावत ने 55वें ओवर की पहली गेंद को छोड़ने के बाद ईशान ने अगली गेंद पर छक्का मारा। फिर अगली गेंद खाली गई। ईशान ने फिर अगली गेंद पर छक्का मार टीम को जीत दिला दी।

## 18 जनवरी से शुरू होगा महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप 2025

# वेस्टइंडीज के खिलाफ अभियान शुरू करेगा भारत

एजेंसी ▶▶ दुबई

गत चैंपियन भारत मलेशिया में अगले साल 18 जनवरी से दो फरवरी तक होने वाले आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत वेस्टइंडीज के खिलाफ करेगा। भारत को ग्रुप ए में मेजबान मलेशिया, वेस्टइंडीज और श्रीलंका के साथ जगह मिली है। भारत ने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका में फाइनल में इंग्लैंड को हराकर पहले टूर्नामेंट का खिताब जीता था।

इंग्लैंड, आयरलैंड, पाकिस्तान और अमेरिका को ग्रुप बी में रखा गया है जबकि ग्रुप सी में दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, समोआ और अफ्रीका से एक क्वालीफायर को जगह मिली है। ग्रुप डी में ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, स्कॉटलैंड और एशियाई से एक क्वालीफायर को रखा गया है।



### राउंड रोबिन चरण में भिड़ेंगी टीमें

*प्रत्येक ग्रुप की टीम राउंड रोबिन चरण में एक-दूसरे से भिड़ेंगी जिससे प्रत्येक टीम को ग्रुप चरण में तीन मैच खेलने को मिलेंगी। सभी चार ग्रुप से शीर्ष तीन टीम सुपर सिक्स चरण में जगह बनाएंगी। चारों ग्रुप में अंतिम स्थान पर रहने वाली टीमें 24 जनवरी को अंतिम स्थान के प्ले ऑफ में भिड़ेंगी। सुपर छह चरण में 12 टीम को दो ग्रुप में बांटा जाएगा। गुप ए और डी की शीर्ष तीन टीम को ग्रुप एक जबकि ग्रुप बी और सी की शीर्ष तीन टीम को ग्रुप दो में जगह मिलेगी। इस चरण में प्रत्येक टीम सुपर सिक्स चरण में क्वालीफाई करने वाली साथी टीमों के खिलाफ जीत से मिले अंक और नेट रन रेट के साथ आगे बढ़ेगी।*

### सुपर सिक्स में दो-दो मैच

प्रत्येक टीम सुपर सिक्स में दो मैच खेलेगी जो संबंधित ग्रुप के उन प्रतिद्वंद्वियों के विरुद्ध होंगे जो अन्य ग्रुप में अलग-अलग स्थान पर रहे थे। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम 31 जनवरी को होने वाले सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जबकि फाइनल दो फरवरी को होगा। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों ही बेयुमास ओवल में खेले जाएंगे। भारत अगर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करता है तो वह सेमीफाइनल दो खेलेगा जो 31 जनवरी को होगा। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों के लिए रिजर्व दिन हैं। सेमीफाइनल के लिए एक फरवरी रिजर्व दिन है जबकि फाइनल के लिए तीन फरवरी रिजर्व दिन रखा गया है।

# मोहन बागान और ईस्ट बंगाल क्वार्टर में पहुंचे



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

डूरंड कप के 133 वें सत्र के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों की घोषणा रविवार को की गई, जिसमें यहां का साल्ट लेक स्टेडियम बेंगलुरु एफसी बनाम केरला ब्लास्टर्स मैच की शुक्रवार को मेजबानी करेगा। कोलकाता में एक प्रशिक्षु चिकित्सक के कथित बलात्कार और हत्या के मामले में व्यापक विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर आयोजकों ने शनिवार को मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच डूरंड कप के अहम लीग मैच को रद्द कर दिया था।

इस मैच में दोनों टीमों को एक-एक अंक दिया गया जिससे मौजूदा चैंपियन मोहन बागान ने ग्रुप ए तालिका में शीर्ष स्थान के साथ अंतिम आठ में क्वालीफाई किया। मोहन बागान की टीम तीसरे क्वार्टर फाइनल में पंजाब एफसी का सामना करेगी। यह मैच जमशेदपुर में होगा। ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहने वाली ईस्ट बंगाल की टीम भी क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रही। टीम क्वार्टर फाइनल में शिलांग लाजोंग एफसी का सामना करेगी।

## खबर संक्षेप



### जून तिमाही में बेरोजगारी दर 6.6 प्रतिशत पर स्थिर

नई दिल्ली। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही में शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों की बेरोजगारी दर 6.6 प्रतिशत पर स्थिर रही। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) ने अपने आंकड़ों में यह जानकारी दी। श्रम बल में बेरोजगार लोगों के प्रतिशत को बेरोजगारी दर कहते हैं। वित्त वर्ष 2023-24 की जून तिमाही में बेरोजगारी दर 6.6 प्रतिशत ही थी।

### भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 4.8 अरब डॉलर घटा



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार नौ अगस्त को समाप्त सप्ताह में 4.8 अरब डॉलर घटकर 670.119 अरब डॉलर रह गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बताया, इससे पिछले सप्ताह की समाप्ति पर यह 7.533 अरब अमेरिकी डॉलर बढ़कर 674.919 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। आरबीआई की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, नौ अगस्त को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.079 अरब डॉलर घटकर 587.96 अरब डॉलर रह गईं।

### हीरो मोटो कॉर्प को 17 करोड़ रुपए का जीएसटी नोटिस




नई दिल्ली। हीरो मोटोकॉर्प को दिल्ली जीएसटी अधिकारियों से 17 करोड़ रुपये से अधिक की कर मांग को लेकर नोटिस मिला है। दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी ने रविवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी को दिल्ली सरकार के जीएसटी (माल एवं सेवा कर) अधिकारी के कार्यालय से वित्त वर्ष 2019-20 के लिए इनपुट टैक्स क्रेडिट की अस्वीकृति के मामले में 17 अगस्त, 2024 को एक आदेश प्राप्त हुआ है। कंपनी ने कहा कि नोटिस के अनुसार कर के रूप में 9,38,66,513 रुपये की मांग की गयी है।

### प्लास्टिक कण के मिलावट से निपटने परियोजना शुरू



**नई दिल्ली।** खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने खाद्य उत्पादों में माइक्रोप्लास्टिक यानी प्लास्टिक कण के मिलावट का पता लगाने के तरीके विकसित करने के लिए एक परियोजना शुरू की है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने खाद्य पदार्थों में माइक्रोप्लास्टिक मिलावट की बढ़ती चिंता से निपटने के लिए यह कदम उठाया है। इसके तहत माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण को एक उभरता हुआ खतरा माना गया है, जिस पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार यह परियोजना इस साल मार्च में शुरू की गई थी।

### कोल्टे-पाटिल डेवलपर्स से जेना ने इस्तीफा दिया



**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी कोल्टे-पाटिल डेवलपर्स लि. के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) खिरोदा जेना ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि नए अवसर तलाशने के लिए जेना ने 17 अगस्त, 2024 को इस्तीफा दे दिया। पुणे स्थित कोल्टे-पाटिल डेवलपर्स देश के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर्स में से एक है। इसने मुंबई और बेंगलुरु में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है।

# पुणे का हुआ बर्गर किंग, 13 साल पुरानी कानूनी जंग में अमेरिकी कंपनी को शिकस्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बर्गर किंग दुनिया का दिग्गज ब्रांड है। इसके दुनिया के 100 देशों में लगभग 13 हजार रेस्टोरेंट हैं। मगर, भारत में कंपनी को एक अनूठी समस्या का सामना करना पड़ा था। यहां पुणे शहर में बर्गर किंग के नाम से ही वर्षों पुराना और लोकप्रिय रेस्टोरेंट चल रहा था। इसके बाद अमेरिकी कंपनी ने पुणे की इस कंपनी पर अपने नाम का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए केस ठोक दिया। भारत में बर्गर किंग के नाम पर यह कानूनी लड़ाई 13 साल चली। अब इसमें फैसला पुणे की कंपनी के पक्ष में आया है। यह अमेरिकी एमएनसी बर्गर किंग के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

## पुणे शहर में बर्गर किंग के नाम से ही वर्षों पुराना लोकप्रिय रेस्टारेंट चल रहा

### अनाहिता और शपूर ईरानी चलाते हैं पुणे का बर्गर किंग

पुणे का बर्गर किंग रेस्टोरेंट अनाहिता और शपूर ईरानी चलाते हैं। उनके रेस्टोरेंट कैंप और कोरेगांव इलाके में स्थित हैं। इन्हें काफी पसंद किया जाता है। इस मामले में जज ने कहा कि पुणे का बर्गर किंग 1992-93 से यह नाम इस्तेमाल कर रहा है। अमेरिकी कंपनी इसके काफी बाद भारत में आई। उन्होंने अपने नाम को भी बाद में भारत में रजिस्टर करवाया। उधर, पुणे की कंपनी काफी पहले से इस नाम का इस्तेमाल कर रही थी। ऐसे में उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा सकती है।



### इंडिया में 2014 में आई बर्गर किंग कॉर्पोरेशन

बर्गर किंग की स्थापना 1954 में हुई थी। इसकी शुरुआत जेम्स मैकलमोर और डेविड एडगर्टन ने की थी। यह कंपनी 100 से ज्यादा देशों में 13 हजार रेस्टोरेंट चला रही है। इनमें से 97 फीसदी रेस्टोरेंट की मालिक यह कंपनी ही है। इसे दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी फास्ट फूड हैमबर्गर कंपनी माना जाता है। इसमें लगभग 30,300 लोग नौकरी करते हैं। कंपनी ने एशिया में पहली बार एंट्री 1982 में ली थी। मगर, इंडिया में वो साल 2014 में आए थे। उन्होंने नई दिल्ली, मुंबई और पुणे से ही अपनी शुरुआत की थी।

### पुणे की अदालत ने खारिज की याचिका

पुणे के एक कॉमर्शियल कोर्ट ने शहर के कैंप इलाके में स्थित रेस्टोरेंट के पक्ष में फैसला सुनाया। जिला जज सुनील वेद पाठक ने 16 अगस्त को दिए अपने आदेश में कहा कि अमेरिकी फास्ट फूड कंपनी बर्गर किंग कॉर्पोरेशन की याचिका खारिज की जाती है। अमेरिकी कंपनी ने ट्रेडमार्क उल्लंघन समेत कई आरोप पुणे स्थित कंपनी पर लगाए थे। कंपनी ने कोर्ट से मांग की थी कि पुणे स्थित कंपनी द्वारा उनका नाम इस्तेमाल करने पर रोक लगाई जाए। साथ ही उनसे मुआवजा भी दिलवाया जाए।

## ग्रामीण बाजार में मांग में आएगा सुधार

# उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों को बिक्री में वृद्धि जारी रहने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रोजमर्रा के उपयोग वाले उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) को उम्मीद है कि बढ़ती खाद्य महंगाई की चिंताओं के बावजूद ग्रामीण बाजारों में मांग में सुधार और अच्छे मानसून के कारण आगामी तिमाहियों में उनकी बिक्री में वृद्धि जारी रहेगी।

- अच्छे मानसून के कारण बिक्री में होगा इजाफा

एचयूएल, आईटीसी, डाबर, ब्रिटानिया, नेस्ले और इमामी जैसी प्रमुख एफएमसीजी कंपनियों की जून तिमाही की आय में ग्रामीण बाजारों से 'अच्छी खबर' और ई-कॉमर्स मंचों के जरिये मजबूत वृद्धि हुई है। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून अवधि में उद्योग की मात्रा वृद्धि लगभग 6.6 प्रतिशत रही।

**खास बातें**

- बढ़ती खाद्य महंगाई की चिंता को किया दरकिनार
- कुछ कंपनियों ने कीमतों में बढ़ोतरी का दिया संकेत



### अनाज की कीमतों में वृद्धि की संभावना

हालांकि, कंपनियां खाद्य मुद्रास्फीति बढ़ने से चिंतित हैं क्योंकि कॉफी और कोकोआ की कीमतें अप्रत्याशित रूप से बढ़ गई हैं। अनाज और अनाज की कीमतों में वृद्धि की संभावनाओं के बीच कुछ कंपनियों ने कीमतों में बढ़ोतरी का संकेत भी दिया है।

### अगली तिमाही बेहतर होगी : डाबर

डाबर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मोहित मल्होत्रा ने कहा, "आगे चलकर ग्रामीण क्षेत्रों में हमारी बिक्री में वृद्धि होगी। इसलिए मुझे उम्मीद है कि अगली तिमाहियां बेहतर होंगी...।" उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि अच्छे मानसून, सुधरते वृहद आर्थिक संकेतकों और ग्रामीण-केंद्रित सरकारी खर्च के साथ एफएमसीजी मांग में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होगी।

### ग्रामीण क्षेत्र की वृद्धि शहरी क्षेत्र से आगे

मैरिको के प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सौगत गुप्ता ने कहा कि एफएमसीजी क्षेत्र में जून तिमाही में मांग के रुझान में क्रमिक सुधार जारी रहा तथा ग्रामीण क्षेत्र की वृद्धि शहरी क्षेत्र से आगे रही। सीईओ गुप्ता ने कहा, "उम्मीद है कि स्थिर खुदरा मुद्रास्फीति, स्वस्थ रूप से आगे बढ़ रहे मानसून सत्र और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए सरकार के बजट में किये गये आवंटन से मात्रा रुझान में सुधार जारी रहेगा।"

### काफी और कोको की कीमतों में उछाल : नेस्ले

हालांकि, गुप्ता ने कहा, /"उच्च खाद्य मुद्रास्फीति और वर्षा का स्थानिक वितरण नजर रखने के लिहाज से महत्वपूर्ण कारक होंगे।/" नेस्ले ने अपनी पहली तिमाही के नतीजों में कहा, /"कॉफी और कोको की कीमतों में अभूतपूर्व उछाल देखी जा रही है क्योंकि इनकी कीमतें सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई हैं और कीमतों में लगातार उछाल आ रहा है। अनाज और दालों की कीमतों में एमएसपी के समर्थन से संरचनात्मक लागत वृद्धि हो रही है।/"

### दूध और खाद्य तेलों की कीमते स्थिर

हालांकि, मैगी और किटकैट बनाने वाली कंपनी ने कहा कि दूध की कीमतों, पैकेजिंग और खाद्य तेलों में सापेक्षिक स्थिरता है। जून तिमाही में, एफएमसीजी कंपनियों ने ई-कॉमर्स खंड से भी बड़ी बढ़त दर्ज की, जिसमें इस खंड ने उच्च वृद्धि दर्ज की। हालांकि, उनमें से कुछ ने शहरी बाजारों में किराना स्टोर जैसे पारंपरिक चैनलों में नरमी की सूचना दी।

# बाटा कर रही ऑनलाइन कारोबार का विस्तार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




जूता-चप्पल बनाने वाली प्रमुख कंपनी बाटा के प्रंधन निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी गुंजन शाह ने कहा है कि खपत में सुस्ती 'अस्थायी' है और आने वाली तिमाहियों में त्योहारों के दौरान मांग बढ़ने तथा खुदरा कारोबार में विस्तार से क्षेत्र में तेजी आने की उम्मीद है। कंपनी को उम्मीद है कि ई-कॉमर्स उसकी वृद्धि को गति देगा। इसका कारण कंपनी अपने पोर्टल और भागीदारों के माध्यम से ऑनलाइन बिक्री का विस्तार कर रही है। ई-कॉमर्स अब अब एक 'लाभदायक' और 'व्यवहारिक' कारोबार है। इसके अलावा, नई पीढ़ी को आकर्षित करने की अपनी रणनीति के तहत बाटा अपनी दुकानों को अधिक आकर्षक बनाने के लिए उसके नवीनीकरण में भी निवेश कर रही है। साथ ही किफायती उत्पादों के साथ-साथ नये-नये उत्पादों में भी निवेश कर रही है। कंपनी के उत्पादों के खरीदारों में युवाओं की हिस्सेदारी करीब 40 प्रतिशत है। बाजार परिदृश्य के बारे में पूछे जाने पर, शाह ने बातचीत में सुस्ती की बात स्वीकार की। उन्होंने कहा, ''निकट अवधि में, खपत में कुछ सुस्ती देखी जा रही है। इसके कारण कारोबार पर प्रभाव पड़ा है।''हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी अपने प्रयास, निवेश और विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों और उपायों को जारी रख रही है।

- आने वाली तिमाहियों में खपत में होगी वृद्धि

### प्रासंगिक उत्पादों पर ध्यान देगी

वृद्धि को गति देने से जुड़े एक सवाल के जवाब में शाह ने कहा कि कंपनी दीर्घकालीन रणनीति के तहत प्रासंगिक उत्पादों पर ध्यान देगी। साथ ही ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से खुदरा कारोबार को बढ़ाने और विपणन, ब्रांड और उपभोक्ता अनुभव को बेहतर बनाने में निवेश करेगी।

# इंजीनियरों को 4-12 लाख तक वार्षिक वेतन दे रही कॉग्निजेंट

## उद्योग में इसे कंपनी ने सबसे बेहतर बताया




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रमुख आईटी कंपनी कॉग्निजेंट ने रविवार को कहा कि वह नए इंजीनियरिंग स्नातकों को चार से 12 लाख रुपये का वेतन देती है और सोशल मीडिया पर जिस वेतन का जिक्र किया जा रहा है, वह गैर-इंजीनियरिंग स्नातक डिग्री धारकों के लिए है। गौरतलब है कि कंपनी को नये भर्ती होने वालों के लिए 2.52 लाख रुपये वार्षिक वेतन की पेशकश करने पर सोशल मीडिया में आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। कंपनी को महज एक प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि करने के लिए भी सोशल मीडिया पर आलोचना का सामना करना पड़ा।

हालांकि, यह 1-5 प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि का निचला दायरा है, जिसे कंपनी ने व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर दिया है। कॉग्निजेंट हर साल विभिन्न भूमिकाओं के लिए नए इंजीनियरों और गैर-इंजीनियरिंग स्नातकों को नियुक्त करती है। कॉग्निजेंट अमेरिका के अध्यक्ष सूर्य गुम्मादी ने कहा, ''गैर-इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि की प्रतिभाओं के लिए हमारी हाल की भर्ती सूचना को बहुत गलत तरीके से पेश किया गया। लगभग 2.52 लाख रुपये प्रति वर्ष के वेतन वाली यह नौकरी केवल तीन वर्षीय स्नातक डिग्री वाले उम्मीदवारों के लिए थी, इंजीनियरिंग स्नातकों के लिए नहीं।''

### नियुक्ति कौशल के आधार पर

गुम्मादी ने आगे कहा कि नए इंजीनियरिंग स्नातकों के लिए हमारा वार्षिक पारितोषिक चार लाख रुपये से लेकर 12 लाख रुपये प्रति वर्ष तक है। यह नियुक्ति की श्रेणी, कौशल और अत्याधुनिक उद्योग में मान्यता प्रमाणपत्र पर निर्भर करता है।

# एफआईआई की गतिविधियों से तय होगी शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



शेयर बाजार की चाल इस सप्ताह वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से तय होगी। कंपनियों के वित्तीय परिणाम आ चुके हैं, ऐसे में इन दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। यह बात विशेषज्ञों ने कही है।

- वैश्विक रुख की भी बाजार में होगी महत्वपूर्ण भूमिका

इस सप्ताह जारी होने वाले अमेरिकी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक के ब्योरे पर निवेशकों की नजर होगी। स्वास्तिक इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, चूंकि कंपनियों के वित्तीय परिणाम आ चुके हैं, ऐसे में इस सप्ताह, वृहद आर्थिक मोर्चों पर ऐसी कोई महत्वपूर्ण गतिविधियां नहीं हैं, जिससे निवेशक संकेत लें। हालांकि, वैश्विक स्तर पर आर्थिक आंकड़े महत्वपूर्ण होंगे। इसमें जापान में मुद्रास्फीति आंकड़े और अमेरिकी एफओएमसी बैठक का ब्योरा महत्वपूर्ण हैं, जिसपर निवेशकों की नजरें होंगी। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता की स्थिति बाजार के लिए जोखिम बनी हुई है।''

# इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री बढ़ाएगी टीवीएस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



टीवीएस मोटर कंपनी अपने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री विकासशील और विकसित बाजारों में बढ़ाने की योजना बना रही है। कंपनी के निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के एन राधाकृष्णन ने कहा कि भारत के इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए एक प्रमुख निर्यात केंद्र के रूप में उभरने की क्षमता है और कंपनी इस पर पूरा ध्यान दे रही है। सीईओ ने विश्लेषकों से कहा कि कंपनी इंडोनेशिया में अपने संयंत्र से आसियान (दक्षिण पूर्व एशियाई देशों का संगठन) क्षेत्र के अन्य पड़ोसी बाजारों की जरूरतों को पूरा करेगी। वहां उसने पिछले साल अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर टीवीएस आईक्यूब की बिक्री शुरू की है। टीवीएस मोटर कंपनी चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में कुल 52,000 इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बेचे, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह आंकड़ा 39,000 वाहन था। राधाकृष्णन ने कहा, हमारा दृढ़ विश्वास है कि भारत दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहन के लिए एक प्रमुख निर्यात केंद्र के रूप में उभरेगा। ईवी आपूर्ति श्रृंखला और बुनियादी ढांचे में निरंतर सुधार को देखते हुए हमें विश्वास है कि हम ईवी खंड में मजबूत बने रहेंगे। उन्होंने कहा, /"जहां तक हमारा सवाल है, हम निश्चित रूप से अपने ईवी उत्पादों को आसियान बाजारों में निर्यात करना शुरू करेंगे और वहां पहले से ही उन्नत परीक्षण और सब कुछ किया जा रहा है...।''

- विकासशील, विकसित बाजारों में बिक्री बढ़ाने की योजना : सीईओ

### आईक्यूब एशियाई बाजार में उतारना शुरू

राधाकृष्णन ने कहा कि कंपनी के पास ईवी के लिए एक सुनियोजित उत्पाद श्रृंखला है और वह जल्द ही उनमें से कुछ को उतारेगी। उन्होंने कहा, /"पिछले साल, हमने टीवीएस आईक्यूब को आसियान और एशियाई बाजारों में उतारना शुरू किया था।/"

# जेएसडब्ल्यू का आईपीओ से 4000 करोड़ जुटाने आवेदन




**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू सीमेंट ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 4,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए। आईपीओ दस्तावेजों (डीआरएचपी) के अनुसार, आईपीओ में 2,000 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम शामिल है। इसके अलावा मौजूदा शेयरधारक 2,000 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाएंगे। नये निर्गम से मिली 800 करोड़ रुपये की राशि का इस्तेमाल राजस्थान के नागौर में एक नई एकीकृत सीमेंट इकाई की स्थापना के लिए किया जाएगा। इसके अलावा 720 करोड़ रुपये की राशि का इस्तेमाल कर्ज चुकाने के लिए किया जाएगा। शेष धनराशि का इस्तेमाल सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

# फॉक्सकॉन का भारत में बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली संयंत्र पर काम

## कंपनी के चेयरमैन लियू ने दी जानकारी

एजेंसी ▶▶| श्रीपेरुंबुदुर




ताइवान की प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण कंपनी फॉक्सकॉन भारत में बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली संयंत्र स्थापित करने की योजना पर काम कर रही है। कंपनी के चेयरमैन यंग लियू ने यहां यह जानकारी दी।

इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) खंड पर नजर रखते हुए फॉक्सकॉन अपने बैटरी विनिर्माण कारोबार का विस्तार कर रही है। इसका पहला संयंत्र ताइवान में स्थापित हो चुका है। लियू ने कहा कि फॉक्सकॉन का सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी खंड भारत में अभी शुरू हुआ है। लियू ने कहा, "हम भारत में अपने 3+3 भविष्य के उद्योग लगाने का भी इंतजार कर रहे हैं। मैं यहां उद्योग मंत्री से इस बारे में बात कर रहा हूं कि हम तमिलनाडु में बीईएसएस (बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली) पर कैसे सहयोग कर सकते हैं...।" चेयरमैन ने कहा, "फॉक्सकॉन ने 3+3 रणनीति के हिस्से के रूप में तीन प्रमुख उद्योगों - इलेक्ट्रिक वाहन, डिजिटल स्वास्थ्य और रोबोटिक्स उद्योग को प्राथमिकता दी है। इनमें से प्रत्येक में वर्तमान पैमाने 1.4 हजार अरब डॉलर और 20 प्रतिशत से अधिक संचयी वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) के साथ महत्वपूर्ण वृद्धि क्षमता है।"फॉक्सकॉन का बैटरी भंडारण कारोबार इलेक्ट्रिक वाहनों पर अधिक केंद्रित है। बीईएसएस सौर, पवन आदि जैसे नवीकरणीय स्रोतों से उत्पादित ऊर्जा के भंडारण को सक्षम बनाती है।

- बैटरी विनिर्माण कारोबार का विस्तार कर रही

### कंपनी और निवेश की योजना बना रही

लियू ने कहा कि फॉक्सकॉन ने अब तक भारत में 10 अरब डॉलर का कारोबार किया है। साथ ही कंपनी आने वाले वर्ष में और निवेश की योजना बना रही है। पद्म भूषण से सम्मानित लियू ने कहा कि अपनी वर्तमान यात्रा के दौरान उन्होंने विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों से मुलाकात की और महसूस किया कि भारत उन्नति की राह पर है।

## मई से जुलाई में 4054 सैंपल टेस्ट फेल किए गए

# फसाई की जांच में 474 भारतीय मसाले के सैंपल रहे फेल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की मसाला कंपनियां पिछले कुछ समय से पूरी दुनिया में संकट का सामना कर रही हैं। एक के बाद एक सभी मसाला कंपनियों के प्रोडक्ट्स को कड़ी जांच से गुजरना पड़ रहा है। यह मामला हांगकांग से शुरू हुआ था।

- यह मामला हांगकांग से शुरू हुआ था और जारी है

अब दुनिया के कई देशों में भारतीय मसाला कंपनियों के खिलाफ जांच चल रही है। अब एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारतीय मसालों के लगभग 12 फीसदी सैंपल फसाई की जांच में फेल हुए हैं। ये क्वालिटी और सेफ्टी स्टैंडड्र्स पर खरे नहीं उतरे हैं।

**हांगकांग में बैन के बाद शुरू की थी जांच**



भारतीय मसाला उद्योग के लिए यह बड़ी समस्या बनता जा रहा है। ब्रिटेन के बाद अब न्यूजीलैंड, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में भी भारत के बड़े मसाला ब्रांड कड़ी जांच से गुजर रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन में भारतीय मसालों के इंपोर्ट पर कड़ी नजर रखी जा रही है। हांगकांग में भारत के दो दिग्गज मसाला ब्रांड के खिलाफ लगे बैन के बाद फूड सेफ्टी एंड स्टैंडड्र्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (फसाई) ने भी भारतीय मसालों के खिलाफ जांच शुरू की थी। इन दोनों कंपनियों ने आश्वासन दिया था कि उनके मसाले पूरी तरह सुरक्षित हैं। इन दोनों कंपनियों के मसाले भारत के अलावा यूरोप, अमेरिका और नॉर्थ अमेरिका में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किए जाते हैं।

### 4,054 सैंपल टेस्ट किए गए, 474 हुए फेल

*आरटीआई से हासिल जानकारी के आधार पर इस रिपोर्ट में कहा गया है कि मई से जुलाई के बीच 4,054 सैंपल टेस्ट किए गए थे। इनमें से 474 क्वालिटी और सेफ्टी स्टैंडर्ड को पास नहीं कर पाए हैं। हालांकि, फसाई ने यह बताने से इंकार कर दिया है कि टेस्ट में फेल होने वाले प्रोडक्ट किन कंपनियों के थे। मगर, उन्होंने भरोसा दिलाया है कि इन कंपनियों के खिलाफ जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी।*


### कंपनियों के बारे में फसाई ने नहीं दी जानकारी

*फसाई से कंपनियों की जानकारी भी मांगी थी। मगर, एजेंसी ने कहा कि ऐसी जानकारी उनके पास नहीं है। भारतीय कानूनों का आधार पर इन सभी पर एक्शन लिया जाएगा। भारत का मसाला उद्योग साल 2022 तक लगभग 10.44 अरब डॉलर का था। साथ ही भारत से लगभग 4.46 डॉलर के मसालों का एक्सपोर्ट भी किया जा रहा था।*






मानसून सीजन में हिमाचल प्रदेश में अब तक बादल फटने और बाढ़ की 51 घटनाओं में 31 लोगों की मौत हो चुकी है। इसी अवधि में 35 भूस्खलनों में तीन लोगों की मौत हो गई। मंडी में सबसे अधिक नौ भूस्खलन हुए।



# हिमाचल में बादल फटने और बाढ़ की 51 घटनाओं में 31 लोगों की मौत, 33 लापता

## राज्य के अलग-अलग इलाकों में भारी बारिश का 'येलो' अलर्ट जारी

## मंडी में सबसे ज्यादा हुआ भूस्खलन, लोगों की कारें दब गईं

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश में मानसून सीजन के दौरान 27 जून से 16 अगस्त के बीच बादल फटने और बाढ़ की 51 घटनाओं में 31 लोगों की मौत हो चुकी है। 33 लोग लापता है। यह जानकारी राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र ने दी। हिमाचल प्रदेश में मानसून 27 जून को पहुंचा। 27 जून से 16 अगस्त के बीच बादल फटने और बाढ़ की 51 घटनाओं में 31 लोगों की मौत हो गई और 33 लोग लापता हो गए। लाहौल और स्पीति में ऐसी 22 घटनाएं हुईं, जो राज्य में सबसे अधिक हैं, इसके बाद किन्नौर में 11, ऊना में छह, कुल्लू और मंडी में तीन-तीन, सिरमौर में दो और चंबा, हमीरपुर, शिमला और सोलन जिलों में एक-एक घटनाएं हुईं।

### राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश जारी रही और रविवार सुबह तक 95 सड़कें बंद रहीं

आंकड़ों के अनुसार, 121 घर पूरी तरह या आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने बताया कि इसी अवधि में 35 भूस्खलनों में तीन लोगों की मौत हो गई। मंडी में सबसे अधिक नौ भूस्खलन हुए। किन्नौर और शिमला में छह-छह, लाहौल और स्पीति तथा चंबा में चार-चार, सोलन में तीन, कुल्लू में दो और बिलासपुर में एक भूस्खलन हुआ। अन्य जिलों के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। हालांकि, कई जिलों के निवासियों ने दावा किया है कि बादल फटने, अचानक बाढ़ आने और भूस्खलन की घटनाओं की संख्या आधिकारिक आंकड़ों से कहीं अधिक है। इस बीच, राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश जारी रही और रविवार सुबह तक 95 सड़कें बंद हैं।

### प्रदेश में अब तक 1,140 करोड़ रुपए का नुकसान 502 करोड़ की सड़कें सर्वाधिक क्षतिग्रस्त हुई हैं

बता दे कि कुल्लू में 33 सड़कें, मंडी और शिमला में 23-23, कांगड़ा में 10, चंबा और किन्नौर में दो-दो और हमीरपुर और ऊना में एक-एक सड़क बंद हो गई हैं। केंद्र ने बताया कि 47 बिजली और 35 जलापूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं। अधिकारियों के अनुसार, हिमाचल प्रदेश को अब तक 1,140 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है, जिसमें सबसे ज्यादा नुकसान सड़क ढांचे को हुआ है। लोक निर्माण विभाग को 502 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है, उसके बाद जल शक्ति विभाग (469 करोड़ रुपए) और बागवानी विभाग (139 करोड़ रुपये) का नुकसान हुआ है। स्थानीय मौसम विभाग ने 21 अगस्त तक राज्य के अलग-अलग इलाकों में भारी बारिश के लिए 'येलो' अलर्ट जारी किया है।

## खबर संक्षेप

### अहमद नगर में एएसआई की संदिग्ध मौत



**श्रीनगर।** श्रीनगर के अहमद नगर में पुलिस एएसआई की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। वह अपने कमरे में बेहोश मिले थे। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। श्रीनगर के अहमद नगर इलाके में पुलिस के एक सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) रहस्यमय परिस्थितियों में मृत मिले हैं।

### विद्रोहियों के हमले में 16 लोगों की मौत



**किंशासा।** उत्तर-पूर्वी कांगो में इस्लामिक स्टेट समूह से संबद्ध आतंकवादियों के हमलों में 16 ग्रामीणों की मौत हो गई और 20 अन्य का अपहरण कर लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार एलीड डेमोक्रेटिक फोर्सेज' के हमलावरों ने इटुरी प्रांत के मम्बासा क्षेत्र में स्थानीय लोगों पर उस समय हमले किए, जब वे अपने खेतों में काम कर रहे थे।

### पोलियो से पीड़ित मिला 10 माह का बच्चा



**रामल्ला।** युद्ध प्रभावित गाजा में वर्षों बाद पोलियो का पहला मामला सामने आया है। दीर अल-बलाह शहर में 10 माह के एक बच्चे में संक्रमण की पुष्टि हुई है। फलस्तीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बच्चे में पोलियो के लक्षण दिखाई देने के बाद जांच कराई गई।

समुद्र में फंसे लोगों को मिलेगी सुरक्षा

## केन्द्रीय मंत्री राजनाथ ने आईसीजी के एमआरसीसी इमारत का किया उद्घाटन



एजेंसी ▶▶ चेन्नई

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को यहां एक नवनिर्मित अत्याधुनिक भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) समुद्री बचाव समन्वय केंद्र (एमआरसीसी) भवन का उद्घाटन किया। श्री सिंह ने इसके अलावा चेन्नई में क्षेत्रीय समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया केंद्र (आरएमपीआरसी) और पुडुचेरी में तटरक्षक वायु एन्क्लेव (सीजीएई) का भी उद्घाटन किया।

### समुद्र में फंसे नाविकों के लिए कारगार साबित होगी योजना

उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक अवसर समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय समन्वय में एक बड़ी प्रगति को उजागर करता है, जो भारतीय समुद्र तट पर समुद्री सुरक्षा और आपातकालीन प्रतिक्रिया को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। चेन्नई में नया एमआरसीसी प्रतिष्ठित संस्थान बनने के लिए तैयार है, जो समुद्र में संकट में फंसे नाविकों और मछुआरों के लिए समुद्री बचाव कार्यों के समन्वय और प्रभावशीलता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा।

### सिंह ने पुडुचेरी में भी सीजीएई का उद्घाटन किया

यह भारतीय तटरेखा के साथ समुद्री सुरक्षा और आपातकालीन प्रतिक्रिया को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चेन्नई में आईसीजी समुद्री बचाव समन्वय केंद्र भवन का उद्घाटन करने के लिए पहुंचने पर भारतीय तटरक्षक दल द्वारा दिए गए गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। तट रक्षक बाल के प्रवक्ता ने बताया कि सिंह दो अतिरिक्त सुविधाओं, चेन्नई क्षेत्रीय समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया केंद्र और पुडुचेरी में तटरक्षक एयर एन्क्लेव (सीजीएई) का भी उद्घाटन किया है।

पांच दिनी यात्रा के दौरान कई महत्वपूर्ण मुददों पर होगी चर्चा

# नेपाल की विदेश मंत्री आरजू देउबा राणा आज एस जयशंकर से करेंगी द्विपक्षीय वार्ता

मेडिकल जांच के लिए निजी अस्पताल जाएंगी नेपाल की विदेश मंत्री

दोनों पक्षों में सहयोग में प्रगति पर चर्चा होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेपाल की नवनियुक्त विदेश मंत्री आरजू देउबा राणा आज से अपनी 5 दिवसीय भारत की यात्रा शुरू कर चुकी हैं। वह 22 अगस्त को नेपाल वापस होंगी। केपी शर्मा ओली के दोबारा नेपाल का प्रधानमंत्री बनने के बाद वह भारत आ रही हैं। पूर्व में केपी ओली के समय भारत और नेपाल के रिश्ते काफी तनावपूर्ण हो गए थे। केपी ओली को चीन का प्रबल समर्थक माना जाता है। अब केपी ओली का खास संदेश लेकर आरजू देउबा राणा नई दिल्ली की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा शुरू कर चुकी हैं। इस दौरान वह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने तथा सहयोग को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा



करने के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात करेंगी। नेपाल की विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा देउबा रविवार को भारत पहुंचीं। नई दिल्ली पहुंचने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने उनका स्वागत किया।

### जयशंकर के आमंत्रण पर आईं देउबा

*विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा था कि एस जयशंकर के निमंत्रण पर देउबा भारत का दौरा कर रही हैं। उनकी यह यात्रा दोनों पड़ोसियों के बीच सदियों पुराने, गहरे और बहुआयामी संबंधों को और मजबूत करेगी। आगामी यात्रा दोनों पक्षों को द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति पर चर्चा और समीक्षा करने का अवसर प्रदान करेगी। नेपाली विदेश मंत्री देउबा 22 अगस्त तक भारत दौरे पर रहेंगी।*

### नेपाल है भारत का अहम साझेदार

*विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति के तहत नेपाल उसका एक प्राथमिक साझेदार है। आगामी यात्रा से दोनों पक्षों को द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करने तथा उसमें प्रगति की समीक्षा करने का अवसर मिलेगा तथा हमारे संबंधों को और मजबूत करने में मदद मिलेगी। नेपाल के संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुंग ने पहले बताया था कि नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा की पत्नी राणा की यात्रा प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद हो रही है।*

### सितम्बर के पहले हफ्ते में भारत यात्रा पर आएंगे पीएम ओली

नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की सितम्बर के पहले हफ्ते में भारत यात्रा की तैयारी की जा रही है। चौथी बार प्रधानमंत्री बनने पर अपने पहले विदेश भ्रमण के लिए उन्होंने भारत जाने की इच्छा जताई है। हाल ही में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने अपने नेपाल दौरे के क्रम में प्रधानमंत्री ओली से मुलाकात कर उन्हें भारतीय प्रधानमंत्री की तरफ से



भ्रमण का औपचारिक निमंत्रण पत्र भी दिया था। हालांकि पहले उनका भ्रमण थाइलैंड के बैंकाक में 4-6 सितम्बर तक तय था जहां उन्हें बिमस्टेक देशों के शिखर सम्मेलन में शामिल होने जाना था। प्रधानमंत्री ओली की यहीं बैंकॉक में ही भारत के प्रधानमंत्री के साथ साइडलाइन मुलाकात तय थी। लेकिन थाईलैंड में हाल ही में हुए सत्ता परिवर्तन और बांग्लादेश में हुए तख्तापलट के बाद बैंकॉक में होने वाले बिमस्टेक सम्मेलन के स्थगित होने की पूरी संभावना है। नेपाल की तरफ से इसी तारीख में ओली के भारत भ्रमण का आग्रह किया गया है।

विधानसभा चुनाव तीन चरणों में होंगे

## जम्मू-कश्मीर में एक हजार कंपनियां तैनात, शांतिपूर्वक हो सकेगा मतदान

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव, तीन चरणों में संपन्न होंगे। पहले चरण का मतदान 18 सितंबर को होगा, जबकि दूसरे चरण की वोटिंग, 25 सितंबर को होगी। तीसरे चरण के तहत



के लिए विशेष रणनीति बनाई है। चूंकि जम्मू कश्मीर में मौजूद आतंकी, चुनाव में बाधा पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं, इसके मद्देनजर जेएंडके में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 1000 कंपनियां तैनात की जाएंगी। मतलब, एक लाख से अधिक जवान, शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराएंगे।

### केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 465 अतिरिक्त कंपनियों की तैनाती

विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक, 18 अगस्त को केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश जारी हो गया है। राज्य में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 465 अतिरिक्त कंपनियों की तैनाती होगी। इसमें 315 कंपनियां, बाहर से आएंगी। बाकी 150 कंपनियां ऐसी हैं, जो वहां पर पहले से अपने ओरिजनल प्लेस पर तैनात हैं। उन्हें अपने ड्यूटी स्थल के आसपास ही तैनात किया जाएगा। इनमें 315 डायरेक्ट कंपनियां रहेंगी।

### जम्मू क्षेत्र में सख्त सुरक्षा के इंतजाम

अगर 315 कंपनियों की बात करें तो इनमें से जम्मू क्षेत्र के लिए सीआरपीएफ की 55, बीएसएफ की 60, सीआईएसएफ 50, आईटीबीपी 50, एसएसबी 70 और आरपीएफ की 30 कंपनियां तैनात की जाएंगी। कश्मीर जोन के लिए इनमें से कोई कंपनी तैनात नहीं होगी।

### शिनावात्रा को पीएम मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पैतोंगटार्न शिनावात्रा को थाईलैंड की प्रधानमंत्री नियुक्त किए जाने पर बधाई दी है। उनके सफल कार्यकाल



की कामना करते हुए प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में दोनों देशों के संबंध और मजबूत होंगे। दोनों देशों के बीच संस्कृति, सभ्यता और जनसंपर्कों की नींव पर आधारित संबंधों की एक ऐतिहासिक विरासत है। पैतोंगटार्न शिनावात्रा को आज सुबह फेउ थाई पार्टी मुख्यालय में थाईलैंड के 31वें प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त करने का शाही आदेश मिला है।

कुवैत के क्राउन प्रिंस से मिले डॉ. एस जयशंकर

## भारत और कुवैत के बीच सदियों पुराना सद्भावना और मित्रता का रहा है बंधन

एजेंसी ▶▶ कुवैत

विदेश मंत्री एस जयशंकर रविवार को एक दिवसीय यात्रा पर कुवैत पहुंचे और इस दौरान वह भारत-कुवैत द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर कुवैत के नेतृत्व के साथ बातचीत की। जयशंकर के देश में आगमन पर कुवैत के विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याह्या ने उनका स्वागत किया। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट करके कहा, ''नमस्ते कुवैत। गर्मजोशी के साथ स्वागत करने के



लिए विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याह्या का धन्यवाद करता हूं। राष्ट्रपति और प्रधान मंत्री की शुभकामनाएं दीं। भारत और कुवैत के बीच सदियों पुराना सद्भावना और मित्रता का बंधन है। हमारी समकालीन साझेदारी लगातार बढ़ रही है।

### कुवैत में करीब 2 माह पहले लगी थी भीषण आग

करीब 2 माह पहले कुवैत की एक इमारत में लगी भीषण आग लग गई थी। इस दुर्घटना में 45 भारतीयों की मौत की घटना के करीब दो माह बाद विदेश मंत्री यहां की यात्रा पर आये हैं। मंगाफ में जून में सात मंजिला इमारत में आग लगने से कम से कम 49 विदेशी कामगार मारे गए थे और 50 अन्य घायल हो गए थे। डॉ. एस जयशंकर ने लिखा, कुवैत राज्य के क्राउन प्रिंस महामहिम शेख सबा अल-खालिद अल-सबा अल-हमद अल-मुबारक अल-सबा से मुलाकात कर सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

टायर फटने से हुआ बड़ा हादसा, परिवार में जीवित बचा इकलौता बेटा

# टेक्सास में सड़क हादसा, भारतीय मूल के मां-पिता और बेटी की मौत

एजेंसी ▶▶ टेक्सास

अमेरिका में हुए एक कार हादसे में भारतीय मूल के एक परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। यह सड़क दुर्घटना टेक्सास के लैंपासस काउंटी में हुई। बताया गया है कि सड़क हादसे में 45 वर्षीय अरविंद मणि, उनकी पत्नी 40 वर्षीय प्रदीपा अरविंद और 17 वर्षीय पुत्री एंड्रिल अरविंद की मौत हो गई। अरविंद मणि और उनका परिवार लीएंडर में रहता था। परिवार में अब सिर्फ एक ही सदस्य रह गया है। बताया गया है कि अरविंद मणि का 14 वर्षीय बेटा आदिर्यान हादसे के समय में कार में मौजूद नहीं था।



### भारतवंशी मेनांक पटेल की गोली मारकर हत्या

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के उत्तरी कैरोलिना प्रांत में एक किशोर लड़के ने एक सुविधा स्टोर को लूटने के बाद 36 वर्षीय भारतीय मूल के मेनांक पटेल की गोली मारकर हत्या कर दी। 2580 एयरपोर्ट रोड पर टोबैको हाउस स्टोर के मालिक मेनांक पटेल की मौत के बाद एक किशोर को हिरासत में ले लिया गया है।

### टायर फटने से गाड़ी अनियंत्रित हुई

टेक्सास के सुरक्षा अधिकारियों का कहना है कि एक कैडलैक कार यूएस रूट संख्या 281 पर जा रही थी। इस कार को 31 वर्षीय जासिंटो कोव चला रहे थे। इसके अलावा अरविंद मणि किया कार पर सवार थे। आगे बताया गया है कि तेज रफ्तार कैडलैक कार के पीछे का टायर फट गया था। इससे वाहन अनियंत्रित हो गया और दो अन्य वाहनों से जा टकराया।

## लंदन में एअर इंडिया की चालक पर हमला, आरोपी गिरफ्तार

**लंदन।** पीड़िता दरवाजे की तरफ जाने की कोशिश कर रही थी। इस दौरान उसके चीखने पर आसपास के कमरे में ठहरे क्रू सदस्य वहां पहुंचे। उन्होंने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इसके बाद महिला को अस्पताल पहुंचाया गया। महिला फिलहाल भारत लौट चुकी है, जहां उसकी काउंसलिंग की जा रही है।

### नाइजीरिया का नागरिक है आरोपी

**लंदन।** एअर इंडिया के चालक दल की एक महिला सदस्य पर लंदन के एक होटल में एक घुसपैठिये ने कथित तौर पर हमला कर दिया। पीड़िता दरवाजे की तरफ जाने की कोशिश कर रही थी। उसके चीखने पर आसपास के कमरे में ठहरे क्रू सदस्य वहां पहुंचे। आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

### एअर इंडिया ने कहा- क्रू की सुरक्षा प्राथमिकता है

मामला कुछ दिन पहले का है, जिस पर रविवार को एअर इंडिया का बयान सामने आया है। कंपनी ने कहा, हमारे लिए क्रू की सुरक्षा सबसे जरूरी है।

अब तक इस पोस्ट को 1 मिलियन से ज्यादा लोगों ने देखा

## भारत में गिरी बिजली, नासा के अंतरिक्ष यात्री ने खीच ली फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नासा के अंतरिक्ष यात्री मैथ्यू डॉमिनिक ने हाल ही में अंतरिक्ष से ली गई भारत की



एक दुर्लभ और दिल को छू लेने वाली तस्वीर शेयर की है। 17 अगस्त को पोस्ट की गई इस तस्वीर में रात के आकाश में बिजली गिरने का एक चमकदार और शानदार नजारा दिख रहा है। धरती के बैकग्राउंड में कैद इस बिजली की चमक ने सोशल मीडिया यूजर्स को हैरान कर दिया है।

### बिजली की तस्वीर को कैमरे में कैद किया

डॉमिनिक ने इस तस्वीर के कैप्शन में लिखा, 'रात के समय भारत के ऊपर बिजली' बिजली को तस्वीर में कैद करने के लिए मैं बर्स्ट मोड का इस्तेमाल करता हूं। उम्मीद करता हूं कि बिजली फ्रेम में आ जाए। मैं बेहद खुश था जब यह बिजली बिल्कुल फ्रेम के बीच में आ गई। कोई क्रॉप की जरूरत नहीं पड़ी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मो: 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)